www.currentcrime.com

# करंट क्राइम

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। रविवार 26 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 38 पेज-18 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## 'संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का आधार'

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, 'मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार! गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था लेकिन भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा... आज के दिन सबसे पहले हम उन सूर वीरों को याद करते हैं जिन्होंने मातृभूमि को विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त करने के लिए बड़ी से बड़ी कुबार्नी दी... इस वर्ष हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं। वे ऐसे अग्रणी स्वाधीनता सेनानियों में शामिल हैं, जिनकी भूमिका को राष्ट्रीय इतिहास के संदर्भ में अब समुचित महत्व दिया जा रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा, न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ हो। ये जीवन मूल्य को सदा से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग रहे हैं। भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में दिखाई देता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा, सरकार ने जन-कल्याण को नई परिभाषा दी है जिसके अनुसार आवास और पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों को अधिकार माना गया है।






## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को मिले 21 पदक

# कमिश्नर अजय मिश्र को डीजीपी का प्लैटिनम अवार्ड, एसीपी स्वतंत्र सिंह को राष्ट्रपति पदक

### - मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल को वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक

### - निरीक्षक अब्दुल रहमान सिद्दीकी और धर्मपाल को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कमिश्नर अजय मिश्र से लेकर एसीपी स्वतंत्र सिंह और मुख्य अग्नि सम्मान अधिकारी राहुल पाल के साथ ही निरीक्षक अब्दुल रहमान सिद्दीकी, धर्मपाल सहित कुल 21 पुलिसकर्मियों को अलग-अलग वर्ग में पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है। जिसमें गाजियाबाद में 11 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पदक मिला है। तो वहीं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर भी प्रदान किया जाएगी। सभी पुलिसकर्मियों को जल्द ही पुरस्कार और प्रमाण पत्र सौंपें जाएंगे।

## सीपी से लेकर एसीपी इंदिरापुरम और सीएफओ को मिलेंगे पुरस्कार

**करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह हीरक पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र को मिलेगा। तो वहीं वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक पाने वालों में सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, निरीक्षक स्वॉट टीम प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी, फायर स्टेशन ऑफिसर सेवानिवृत्ति कुंवर सिंह, आरक्षी नीरज कुमार पाल, आरक्षी संदीप कुमार, फायरमैन जोगेंद्र सिंह, चालक फायर सत्येंद्र सिंह, फायरमैन प्रहलाद सिंह राणा, फायरमैन आयुष्मान कुमार शर्मा और थाना प्रभारी नंदग्राम निरीक्षक नागरिक पुलिस धर्मपाल व उपनिरीक्षक विजेंद्र का नाम शामिल है। इसके साथ ही सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह स्वर्ण पाने वालों में मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र कुमार शुक्ला, बालेंद्र कुमार, संदीप कुमार, नाहर सिंह, सत्येंद्र सिंह के नाम हैं। वहीं रजत पदक पाने वालों में उप निरीक्षक अमित कुमार, मुख्य आरक्षी निशांत चौधरी और आरक्षी कुशल खिलाड़ी राजन कुमार का नाम शामिल है।

## गाजियाबाद में छह पुलिसकर्मियों को गैलेंट्री अवॉर्ड दो कुख्यात बदमाशों को किया था एनकाउंटर में ढेर

### - दो आईपीएस सहित समेत 6 को मिलेगा सम्मान



गाजियाबाद, करंट क्राइम : गणतंत्र दिवस के अवसर पर गाजियाबाद पुलिस के 6 वीर अधिकारियों को उनकी बहादुरी के लिए गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इन अधिकारियों ने मई 2022 में दो कुख्यात अपराधियों के एनकाउंटर में अदम्य साहस का परिचय दिया था। उनको मिट्टी में मिलाया था।

सम्मानित होने वाले अधिकारियों में वर्तमान में हमीरपुर की एसपी आईपीएस दीक्षा शर्मा, लखनऊ के डीसीपी आईपीएस निपुण अग्रवाल, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह, स्वाट टीम प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल सिद्दीकी, और हेड कांस्टेबल संदीप और नीरज शामिल हैं। 28 मई 2022 को हुए दो अलग-अलग एनकाउंटर में एक लाख रुपये का इनामी अपराधी बिल्लू दुजाना और 50,000 रुपये का इनामी राकेश मारे गए थे। इंदिरापुरम क्षेत्र में हुए पहले एनकाउंटर में तत्कालीन एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में इंस्पेक्टर अब्दुल सिद्दीकी और हेड कांस्टेबल संदीप ने बिल्लू दुजाना का सामना किया। वहीं, मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में तत्कालीन एसपी सिटी निपुण अग्रवाल के नेतृत्व में एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह और हेड कांस्टेबल नीरज ने राकेश को एनकाउंटर में मार गिराया। इस मुठभेड़ों के दौरान एसपी सिटी और एसीपी की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोलियां लगीं, लेकिन उनकी बहादुरी के कारण दोनों खतरनाक अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। यह अवॉर्ड पुलिस बल के प्रति समर्पण और कर्तव्य के प्रति निष्ठा का प्रतीक है।

## वीरता पदक में आईपीएस मुनिराज का दबदबा



**करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर वीरता पुरस्कारों की जो लिस्ट आई है, इसमें आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में डीआईजी रेंज मुरादाबाद मुनिराज और उनकी टीम का दबदबा नजर आ रहा है। यूपी में वीरता पदक विजेताओं की सूची में 17 पदक शामिल हैं। जिसमें 11 पदक विजेता आईपीएस अधिकारी मुनिराज की टीम के सदस्यों के हैं। इसमें जब वह वर्ष 2022 में गाजियाबाद के एसएसपी थे और बरेली में 2018 में पुलिस कप्तान थे, तो उनके नेतृत्व में कई बड़े ऑपरेशन और फुल एनकाउंटर किए गए थे। साथ ही अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व पकड़ के लिए उनके द्वारा जो अभियान चलाए गए थे, उसमें भी सफलता मिली थी। इनाम वाली इस लिस्ट में तीन युवा आईपीएस अधिकारी, एडिशनल एसपी, एएसपी और दो डीएसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। शनिवार को डीआईजी रेंज मुरादाबाद मुनिराज ने दैनिक करंट क्राइम को जानकारी देते हुए सभी पदक पाने वाले पुलिसकर्मियों को उनके साहस और वर्किंग स्टाइल के लिए सैल्यूट किया है। साथ ही सभी को भविष्य में भी इसी तरह यूपी पुलिस के लिए कार्य करने की शुभकामनाएं दी हैं।




# भौपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर ने किया भारत संविधान गौरव अभियान का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भौपुरा मंडल की ओर से चल रहे संविधान गौरव अभियान के तहत शनिवार को वार्ड नंबर-5 के शक्ति केंद्र 5 व 6 पर घर-घर जाकर अभियान चलाया। मंडल अध्यक्ष विनित डागर ने बताया कि संगठन शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत भौपुरा मंडल के वार्ड नंबर-5 के शक्ति केंद्र संख्या 5 एवं 6 पर शक्ति केंद्र संयोजक उदयवीर सिंह व हरपाल परेवा एवं सभी बूथ अध्यक्षों एवं भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं ने घर-घर जाकर संविधान गौरव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि संविधान निमार्ता डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने देशवासियों के लिए जिस कानून का निर्माण किया था, कांग्रेस ने उसे कैसे अपने स्वार्थ के लिए बार-बार संशोधित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विपिन डागर, उदयवीर सिंह, संदीप जाटव, राजकुमार चंदेला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।













दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
25 गणतंत्र दिवस
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...



# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

## जिला प्रशासन और हिंदी भवन के संयुक्त आयोजन में कवियों ने किया काव्यपाठ







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन गाजियाबाद और हिंदी भवन समिति की ओर से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जाने-माने रचनाकारों ने अपनी रचनाओं में जहां शहीदों को याद किया। वहीं समाज में दिखाई दे रही विभिन्न विसंगतियों पर भी तीखा प्रहार किया। हिंदी भवन में आयोजित गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हुए कवि सम्मेलन का शुभारंभ जिलाधिकारी दीपक मीणा, हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री सुभाष गर्ग, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा, उद्योगपति राकेश छारिया, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर लोहा विक्रेता व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन, पूर्व पार्षद हिमांशु लव भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में प्रशासनिक अधिकारियों, हिंदी भवन के पदाधिकारियों और वरिष्ठ रचनाकारों ने दीप जला कर कार्यक्रम की शुरूआत की। हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष एवं सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले शहीदों की कुबार्नी कभी भुलाई नहीं जा सकती। उनकी देशभक्ति हम लोगों में भी बनी रहे, इसके लिए समय-समय पर उन्हें याद किया जाना जरूरी है।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता विश्व प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज ने की जबकि कुशल संचालन डॉ प्रवीण शुक्ल ने किया। विजेंद्र सिंह परवाज को इन शेरो पर बहुत दाद मिली- ये जिंदगी भी कैसे बहाने में कट गई, जैसा नहीं हूं वैसा दिखाने में कट गई, बर्दाश्त किसको होती हैं खुद्दारियां यहां, गरदन हमारी सर को उठाने में कट गई, सुप्रसिद्ध कवि एवं मंच संचालक डॉ प्रवीण शुक्ल की ये पंक्तियाँ बहुत सराही गई-

खरे करता है सारे काम, कुछ खोटा नहीं करता, अहम का अपने चारों ओर, परकोटा नहीं करता, बड़ा है आदमी सच में वही किरदार से अपने, जो अपने सामने वाले का कद छोटा नहीं करता, शायर राज कौशिक को इस गजल पर लोगों ने जम कर दाद दी- मैं इस हद तक मोहब्बत का हूं पैरोकार अब यारो

कोई समझे मुझे दुश्मन तो मेरी हर हो जाए, खुदा मेरी दुआओं में असर पैदा अगर कर दे, दुआ सबको ये दूं तुमको किसी से प्यार हो जाए।

अलीगढ़ से आई मुमताज नसीम की ये गजल बहुत पसन्द की गई- मुझको मालूम है ये काम तो होने से रहा, ज़िंदगी में मुझे आराम तो होने से रहा, ये बुराई भी मेरे नाम लिखी जाएगी, तू मेरे इश्क में बदनाम तो होने से रहा। देर शाम तक चले कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने कवियों की रचना पर जमकर दाद दी।

# गणतंत्र दिवस पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चप्पे-चप्पे पर चला चेकिंग अभियान

## रेलवे स्टेशनों, मॉल, बाजारों और होटलों में पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड के साथ की जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चप्पे-चप्पे पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में डीसीपी स्तर के अधिकारियों और एसीपी ने पुलिस बल, डॉग स्क्वायड और बम निरोद्धक दस्ते के साथ मॉल, बाजारों, रेलवे स्टेशनों, प्रमुख होटलों और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। तो पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध नजर आने वाले वाहनों की भी चेकिंग की गई। उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुख प्रशांत कुमार के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में यह अभियान चलाया गया। गणतंत्र दिवस और महाकुंभ आयोजन को लेकर पूरे प्रदेश में पुलिस अलर्ट है। तो गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में जगह-जगह पुलिस द्वारा सुबह से लेकर बॉर्डर वाले इलाकों तक रात में चेकिंग अभियान जारी रहा।


कई स्थानों पर पुलिस ने की पैदल गश्त और संदिग्ध वाहनों की ली गई तलाशी

### एसीपी स्तर के अधिकारियों ने संभाली चेकिंग की कमान

करंट क्राइम : गणतंत्र दिवस के मद्देनजर शनिवार को एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ कई इलाकों में होटलों और बाजरो में चेकिंग अभियान में संदिग्धों की तलाशी ली। तो वहीं एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह, एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने दिल्ली बॉर्डर से लगे इलाकों में मेट्रो स्टेशनों, नमो भारत स्टेशन, कौशांबी बस अड्डा और इंदिरापुरम के मॉल और सिनेमा घरों के अंदर बम निरोधक दस्ता के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके साथ ही एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा आरडीसी इलाके में पैदल गश्त की गई।

### रेलवे स्टेशनों पर भी चला चेकिंग अभियान

करंट क्राइम : गाजियाबाद में जहां नमो भारत ट्रेन का संचालन होता है। तो वही मेट्रो स्टेशन के साथ ही साहिबाबाद और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से आने जाने वाली लोकल ट्रेन और सुपरफास्ट ट्रेनों में भी जीआरपी और आरपीएफ के द्वारा 26 जनवरी को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस भी एक्टिव मोड में नजर आई।

### संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी का सहारा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी कार्यवाहक की भूमिका निभा रहे डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी कि गणतंत्र दिवस को लेकर सभी थानों और चौकी प्रभारियों को विशेष अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसके साथ ही रात को 10 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक गश्त और चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की पीआरवी और चीता बाइक तैनात की गई हैं। इसके साथ ही किसी भी सूचना को कंट्रोल रूम और यूपी- 112 के द्वारा साझा किया जाएगा। वहीं सभी स्थानों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी और डीवीएफ की मदद ली जा रही है।

## सम्पादकीय



मनोज गुप्ता (संपादक)

# संविधान का गौरव है गणतंत्र दिवस

महाकुम्भ की पावन पवित्र बेला में इस वर्ष गणतंत्र दिवस आया है। आज जब करोड़ो सनातनी जब आस्था की डुबकी लगायेगें तब वो अपने देश के गौरव गणतंत्र दिवस पर देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज को भी सलामी देगें। इस वर्ष कुछ सियासी घटनाक्रम ऐसे हुये कि सत्तारूढ़ दल के शीर्ष नेतृत्व को कहना पड़ा कि वो संविधान का सम्मान करते हैं। संविधान के सम्मान के लिये स्पेशल अभियान चलाना पड़ा। यह तो सर्वविदित है कि भारत वर्ष में किसी भी दल की सत्ता हो और किसी भी पद पर आसीन व्यक्ति हो लेकिन कोई भी संस्था,कोई भी दल और कोई भी व्यक्ति भारत देश के संविधान से बड़ा नही हो सकता है। अवधारणा रामराज की हो या समाजवाद की हो इन सबके पीछे उददेश्य देश के वंचित वर्ग के कल्याण का ही होता है। देश की अखंडता को देश की एक रूपता को विधिवत मान्यता 26 जनवरी 1950 को ही मिली थी जब देश एक गणतंत्र राज्य बना था और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक भारत एक नागरिक एक संविधान के साथ देश ने एक नई शुरूआत की थी। देश की युवा पीढ़ी को ये जरूर जानना चाहिये कि गुलामी की बेड़ियो को तोड़कर देश ने आजादी के इस दौर तक आने में अपनी परम्पराओं को कैसे सहेज कर रखा है। देश के सम्मान से बढ़कर कुछ नही होता है और देश के लिये उसके नागरिक सर्वोच्च होते हैं। गणतंत्र दिवस वो पल होता है जब देश की सेना अपने शौर्य का प्रर्दशन करते हुये देश के नागरिको को ये विश्वास दिलाती है कि देश की सीमाओं पर हमारी पहरेदारी है और देश के हर नागरिक की सुरक्षा की हमारी जिम्मेदारी है। पुलिस के अधिकारियों से लेकर आरक्षी को सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2025 के गणतंत्र दिवस पर उम्मीद करता हूं कि पूरा भारत वर्ष एक नये हर्ष के साथ देश की तरक्की के लिये कदम उठायेगा देश के सभी नागरिको को सस्ती सुलभ और उच्च कोटि की चिकित्सा तथा शिक्षा की सुविधा मिलेगी। देश के हर नागरिक के पास रोजगार होगा देश के नौजवानो के पास काम होगा। आईये हम सब इस गणतंत्र दिवस पर संकल्प ले कि हम अपने भारत वर्ष के कल्याण के लिये काम करेगें। हम पर्यावरण की रक्षा करेगें,हम जल जंगल जमीन को प्रदूषण की मार से बचायेगें। हम एक ऐसे देश का निर्माण करेगें जिसका हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता होगा। देश के 76वे गणतंत्र दिवस पर मैं दैनिक करंट क्राइम परिवार के सभी सदस्यों को, दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र के सुधि पाठकों को,सम्मानित सहयोगी विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनायें देता हूं। आप सभी के जीवन में सफलता का उजाला रहे और देश का हर नागरिक उन्नति के पथ पर अग्रसर हो। आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता को उनकी शानदार उपलब्धि उत्पाद गुणवत्ता के लिए राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संजीव गुप्ता ने गाजियाबाद का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर संजीव गुप्ता को दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने बधाई शुभकामनाएं दी। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने अपनी इस उपलब्धि को गाजियाबाद की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास ओर अधिक जिम्मेदारी ओर ईमानदारी के साथ राष्ट्र की सेवा करने का रहेगा। संजीव गुप्ता ने समाचार संपादक दीपक भाटी का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय पर्व की रौनक



गाजियाबाद करंट क्राइम। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तिरंगी थीम पर रोशनी से जगमग सिहानी गेट थाना।

# 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सभी देशवासियों व नागरिकों को 76 वां गणतंत्र दिवस मंगलमय हो। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी आपसी सौहार्द व स्वच्छता की जागरूगता का संकल्प लें। अपने शहर और देश की खुशहाली के लिए सदैव अग्रसर रहें। गणतंत्र दिवस के मौके पर एक बार पुनः सभी को बधाइयां।
- अतुल गर्ग, सांसद गाजियाबाद


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश की एकता को कायम रखने और देश व प्रदेश के नागरिक स्वच्छता का प्रण लें। गणतंत्र दिवस के मौके पर एक बार पुनः सभी को बधाइयां।
- सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश व प्रदेश के नागरिक स्वच्छता का प्रण लें और अपने आसपास गंदगी न होने दें।
नरेन्द्र कश्यप
राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश गणतंत्र दिवस के मौके पर सशक्त हो, तरक्की करे, चारों तरफ विकास हो, आम आदमी खुशहाल हो, ऐसी मनोकामनाएं प्रभु पूरी करें।
सुनीता दयाल, महापौर गाजियाबाद


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद के रहने वाले लोगों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाइयां। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासी देश को सशक्त करने का प्रण लें। गणतंत्र दिवस के मौके पर एक बार पुनः सभी को बधाइयां।
- संजीव शर्मा , विधायक गाजियाबाद


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित और विकास के पथ पर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।
अजीत पाल त्यागी
विधायक मुरादनगर


76वें गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासी देश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का प्रण लें। सभी को गणतंत्र दिवस की पुनः शुभकामनाएं।
नन्द किशोर गुर्जर, विधायक, लोनी



76वें गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासियों से अपील है कि राष्ट्र ध्वज का सम्मान करें।
- दिनेश कुमार गोयल, एमएलसी


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश व प्रदेश के नागरिक स्वच्छता का प्रण लें और घरों, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों के आसपास गंदगी न होने दें।
- धर्मेश तोमर, विधायक


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश के इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश को मजबूत करने का प्रण लें और देश की तरक्की में अपना योगदान सुनिश्चित करें।
- अजय मिश्र, कमिश्नर, गाजियाबाद


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी नागरिक देश के सौहार्द को बढ़ाने, देश की एकता को कायम रखने, देश में रोजगार सृजन करने का प्रण लें।
-दीपक मीणा, जिलाधिकारी गाजियाबाद


सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी नागरिक स्वच्छता, साफ-सफाई का प्रण लें तभी देश और अधिक सशक्त हो सकेगा।
विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगरायुक्त


76वें गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासी देश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का प्रण लें। सभी को गणतंत्र दिवस की पुनः शुभकामनाएं।
- अतुल वत्स उपाध्यक्ष, जीडीए


## अवकाश सूचना

सभी देशवासियों, प्रदेश एवं जनपद गाजियाबाद के निवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। गणतंत्र दिवस पर करंट क्राइम कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी, 2025 को प्रकाशित होगा। *धन्यवाद*

मनोज गुप्ता, संपादक

## संपादकीय

# सामाजिक ताना-बाना

एक दंपती के घर एक बच्चे का जन्म हुआ, लेकिन दिसंबर 2024 तक भी वे उसका नामकरण नहीं कर पाए क्योंकि दोनों एक-दूसरे के दिए नाम पर सहमत नहीं थे! दोनों की सहमति वाले नाम के साथ जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने में तीन साल लग गए। लेकिन यह नाम न तो उसकी मां का दिया था और ना ही पिता का, बल्कि कोर्ट ने उसे यह नाम दिया। बच्चे के जन्म के बाद से ही मां ने उसे आदि बुलाना शुरू कर दिया, लेकिन पिता भगवान शनि के नाम पर नाम रखना चाहते थे! हैरानी की बात थी कि पत्नी की गर्भावस्था शुरू होने के बाद से लेकर बच्चे के जन्म तक पति उससे मिलने नहीं आया। पति, पत्नी द्वारा दिए नाम पर राजी नहीं थी। इसलिए इस शनिवार तक, जन्म रिकॉर्ड के तौर पर किसी भी सरकारी एजेंसी में उसका कोई भी नाम रजिस्टर नहीं हो सका। दंपति बीच का कोई रास्ता नहीं निकाल पा रहे थे, ऐसे में पत्नी ने कोर्ट की शरण लेते हुए सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से भरण-पोषण की मांग की। मैसूर के पास हुनसुर के इस दंपति ने सही नाम चुनने का काम न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के समूह पर छोड़ दिया, जिन्होंने उनके तीन साल के बच्चे के लिए एक नाम चुना। इस शनिवार को कोर्ट ने आखिरकार जाकर बच्चे के लिए आर्यवर्धन नाम चुना और इस निर्णय के बाद तलाक की कगार पर खड़े पति-पत्नी भी एक हो गए, दोनों ने एक-दूसरे को हार पहनाया और अपने तीन साल पुराने मतभेद पीछे छोड़ दिए। एक और उदाहरण लें। यह भी इसी शनिवार को हुआ। बलिया के स्थानीय मनियर बाजार में सब्जी की दुकान लगाने वाला प्रसाद उर्फ गोलू तुरहा गले में एक तख्ती लटकाए पुलिस थाने पहुंचा, जिस पर लिखा था, आज के बाद किसी लड़की या महिला पर फब्तियां नहीं कसूंगा। पुलिस ने सख्त हिदायत देकर उसे छोड़ दिया। स्कूल और कॉलेज जानी वाली लड़कियों को ऐसे मनचलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए पुलिस ने एंटी रोमियो ऑपरेशन शुरू किया है और इसके अच्छे परिणाम आने लगे हैं। वह पुलिस के राडार में तब आया, जब एक स्थानीय व्यक्ति ने शिकायत की कि वह अपनी सब्जी की दुकान के सामने से गुजरने वाली लड़कियों पर फब्तियां कसता है। इस वजह से उसकी लड़की और वहां से आने जाने वाली अन्य महिलाएं-लड़कियों को शर्म के मारे अपना सिर झुकाकर निकलना पड़ता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जब उस मनचले को पता चला कि पुलिस उसे ढूंढ रही है, तब उसने आत्मसमर्पण कर दिया। ये दो उदाहरण बदलते समाज का प्रतिबिंब हैं। पहले मामले में पति-पत्नी के बीच का ईगो सामने आया। एक दंपति आम सहमति में असमर्थता के आधार पर अलगाव की मांग कर रहा है। अपने बच्चे को दुनिया में लाने के बाद उसका नाम क्या होना चाहिए? वाकई? ऐसी दुनिया में जहां एक क्लिक पर सैकड़ों नाम, उनके अर्थ सामने आ जाते हैं, क्या हमें वास्तव में ऐसे मामलों पर माननीय अदालतों को परेशान करने की जरूरत है? गांव का मुखिया या परिवार का सबसे बड़ा व्यक्ति इस मुद्दे को आसानी से हल कर सकता था।

# एसबीआई रिपोर्ट ने कहा, भारतीय उद्योग जगत को सरकार की गति और मंशा से खाना चाहिए मेल

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग जगत को अगले 50 सालों की योजनाएं बनाने में केंद्र सरकार की गति और मंशा से मेल खाना चाहिए। सरकार ने भौतिक, तकनीकी और सामाजिक क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है, जिससे हर आय वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। यह सुझाव एसबीआई की रिपोर्ट ने केंद्रीय बजट 2025-26 से पहले दिया है। एसबीआई रिसर्च ने अपने नोट में कहा कि महामारी के बाद कंपनियों की अच्छी मुनाफाखोरी और वित्तीय संसाधनों की आसान उपलब्धता (मजबूत बैंकिंग सिस्टम और पूंजी




बाजार की मदद से) भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में मददगार साबित होगी। एसबीआई की रिपोर्ट ने टैक्स सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि टैक्स प्रणाली को और प्रगतिशील बनाकर सरकार टैक्स अनुपालन बढ़ा सकती है और लोगों की आय बढ़ाकर खपत को बढ़ावा दे सकती है। अगर सभी करदाताओं को नए टैक्स सिस्टम में लाया जाए, तो सरकार को थोड़े नुकसान के बदले ज्यादा लाभ होगा। वित्तीय अनुशासन बनाए रखना सरकार के लिए जरूरी है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के मुकाबले राजकोषीय घाटा 4.5% (15.9 लाख करोड़ रुपये) रहने का अनुमान है। स्मार्ट तरीके से कर्ज और भुगतान प्रबंधन करके सरकार 14.4 लाख करोड़ का सकल बाजार कर्ज ले सकती है, जिसमें से 11.2 लाख करोड़ का शुद्ध कर्ज होगा। सरकार कोविड-19 महामारी के दौरान लिए गए कर्जों को वापस चुकाने वाली है। 2023-24 में कुल टैक्स राजस्व में प्रत्यक्ष करों का योगदान 58% तक पहुंच गया, जो पिछले 14 सालों में सबसे ज्यादा है। वित्तीय वर्ष 2011 के बाद से 5 वर्षों में व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) संग्रह (7 प्रतिशत) कॉरपोरेट कर संग्रह (4 प्रतिशत) से अधिक बढ़ रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कई राज्यों ने महिलाओं के लिए योजनाएं शुरू की हैं।

## केंद्र ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल पर कसी नकेल

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया है कि भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली ने ऐसी कॉलों को प्रतिदिन लगभग 4 लाख तक कम कर दिया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतीय दूरसंचार कंपनियों से उन विदेशी वाहकों या एग्रीगेटरों के खिलाफ अभियान शुरू करने को कहा, जो फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सौंप रहे हैं, और उन्होंने अब तक 20 से अधिक ऐसे वाहकों को ब्लॉक कर दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने हाल ही में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल रोकथाम प्रणाली शुरू की है। यह उपकरण एक मजबूत अवरोधक साबित हुआ, जिसने आने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों में से 90 प्रतिशत को ब्लॉक कर दिया, जिन्हें स्पूफ कॉल के रूप में पहचाना गया था। भारतीय नागरिकों को धोखा देने और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिए धोखेबाज भारतीय मोबाइल नंबर (+91-७७७७७) प्रदर्शित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्पूफ कॉल का उपयोग कर रहे थे। हालांकि ये कॉल भारत के भीतर से उत्पन्न होती हैं, लेकिन वे कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) के हेरफेर के माध्यम से विदेश से की जाती हैं, जिसे आमतौर पर फोन नंबर के रूप में जाना जाता है।




# भारतीय शेयर बाजार के लिए घटनापूर्ण सप्ताह, बजट दिशा-निर्देशों के लिए भी महत्वपूर्ण

**मुंबई।** निवेशकों ने वापसी के कई प्रयास किए लेकिन निफ्टी में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट के कारण शेयर बाजार का समग्र प्रदर्शन कमजोर रहा। वैश्विक और घरेलू दोनों मोर्चों पर यह एक घटनापूर्ण सप्ताह था, परन्तु घटनाक्रमों के बावजूद, मूल्य संरचना में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ। एंजेल वन के राजेश भोसले ने कहा, मंगलवार को मजबूत बिकवाली के अलावा, सप्ताह में उतार-चढ़ाव भरे सत्र देखे गए, जो अंततः लगभग आधे प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 23,100 से थोड़ा नीचे समाप्त हुआ। जबकि व्यापक रूप से बाजार दबाव में थे, बेंचमार्क इंडेक्स में बिकवाली ने धीमा होने के संकेत दिए। भोसले के अनुसार, शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा, क्योंकि उच्च स्तरों पर बिकवाली के दबाव ने बेंचमार्क



सूचकांकों पर दबाव डाला। क्लोजिंग बेल पर, बीएसई सेंसेक्स 329.92 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,190.46 पर था, जबकि निफ्टी 50 113.15 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,092.2 पर बंद हुआ। दोनों सूचकांकों ने गति खोने से पहले क्रमशः 76,985.95 और 23,347.30 के इंट्रा-डे हाई को छुआ। वैश्विक आशावाद घरेलू बाजारों को ऊपर उठाने में विफल होने के कारण भारतीय इक्विटी ने कमजोर नोट पर एक अस्थिर सत्र समाप्त किया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के सिद्धार्थ खेमका के अनुसार, इस सप्ताह व्यापक बाजार सूचकांक भारी बिकवाली के दबाव में थे, क्योंकि निफ्टी मिडकैप 100 में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 2.4 प्रतिशत की गिरावट आई। एफपीआई ने शुक्रवार को 5,463 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जिससे इस महीने उनका कुल निवेश 66,322 करोड़ रुपये हो गया। वैश्विक घटनाक्रमों में, बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर इसे 0.5 प्रतिशत कर दिया, जिससे इसकी नीति दर 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि यह अपनी मौद्रिक नीति को सामान्य बनाने का प्रयास कर रहा है। खेमका ने कहा, दूसरी ओर, अमेरिकी बेंचमार्क एसएंडपी 500 रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ब्याज दरों में कमी और तेल की सस्ती कीमतों का आह्वान करने के बाद अन्य दो सूचकांकों में लगातार चौथे दिन तेजी आई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, व्यापारियों को इन स्तरों पर बारीकी से नजर रखनी चाहिए और अपनी रणनीतियों को तदनुसार समायोजित करना चाहिए।

विशेषज्ञों ने कहा, मिडकैप स्पेस में, हमने मिश्रित प्रदर्शन देखा, कुछ दिनों में तेज बिकवाली हुई और अन्य दिनों में मजबूत तेजी देखी गई। इस तरह की अस्थिर गतिविधियां और थीम जारी रहने की संभावना है, तीसरी तिमाही के नतीजों, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आर्थिक नीतियों और शनिवार (1 फरवरी) को पेश होने वाले केंद्रीय बजट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में कुछ उतार-चढ़ाव के साथ व्यापक दायरे में कारोबार होने की उम्मीद है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् खोड़ा-मकनपुर, गाजियाबाद

पत्राक : / न०पा० परि० खो०म० गा0 / 2024-25 दिनॉक–जनवरी, 2025

### सार्वजनिक सूचना

शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में निकाय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 कराया जा रहा है, जिस हेतु निकाय क्षेत्र में संचालित / स्थित समस्त होटर, रेस्टोरेन्ट, बारातघर, व्यवसायिक संस्थानों आदि के प्रबंधक / स्वामियों / सक्षम पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि अपने-अपने परिसरों में निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों का सेग्रीगेशन एवं निस्तारण उन्हीं परिसरों में किया जाना है, जिन परिसरों में अपशिष्ट पदार्थों का उत्पाद हो रहा है, उपरोक्त के क्रम में समस्त होटल, रेस्टोरेन्ट, बारातघर, व्यवसायिक संस्थान आदि के प्रबन्धक / स्वामियों / सक्षम अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि अपने-अपने परिसरों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थो का नियमानुसार सेग्रीगेशन व निस्तारण अनिवार्य रूप से करायें। साथ ही समस्त दुकानदारो / उपभोक्ताओं / प्रयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक (75 माइक्रोन से नीचे) का प्रयोग वर्जित है, जिसके लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल 2018 एवं मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के तहत कार्यवाही करते हुये, प्लास्टिक से सम्बन्धित सामान को जब्त कर जुर्माना वसूल किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी,
न०पा०परि०खोड़ा-मकनपुर,
गाजियाबाद।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची सोने की कीमत

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में नीतिगत अनिश्चितता को लेकर बाजार की चिंताओं के कारण सोने की कीमतों में इस सप्ताह लगातार आठवें दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में 200 रुपये की तेजी आई और यह पहली बार 83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 83,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को यह 82,900 रुपये पर था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतें भी शुक्रवार को करीब तीन महीने के उच्च स्तर 2780 डॉलर के आसपास पहुंच गई। यह लगातार चौथे सप्ताह बढ़ी है। सोने की कीमतों में तेजी के पीछे कई कारक हैं। इनमें हाजिर बाजार में मजबूत मांग और सकारात्मक वैश्विक संकेत शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता और सुरक्षित-संपत्तियों की ओर पलायन के कारण सोने की मांग में तेजी जारी रह सकती है।




## राशिफल

**मेष :** आर्थिक लाभ हो सकता है। सितारे साथ दे रहे हैं, इसलिए छोटी हो या बड़ी किसी भी अवधि की योजना बनाने में आपके प्रयास आज अच्छे परिणाम देंगे।
**वृष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। उदार स्वभाव आपके लिए कई खुशी के पल लेकर आएगा। पड़ोसियों से सकारात्मक व्यवहार देखने को मिलेगा।
**मिथुन :** वाक्पटुता से अपने निर्धारित कार्य को करने में सक्षम होंगे। गणेश बौद्धिक चर्चा में न आने की सलाह देते हैं। खाने में कन्फेक्शनरी मिल जाती है।
**कर्क :** आपका संगठन आपको व्यापार के लिए विदेश भेजने की तैयारी कर रहा है। विदेश में किया गया व्यापार शुभ लाभ देगा। अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।
**सिंह :** आज का दिन सरप्राइज लेकर आएगा। जिन प्रयासों को आपने व्यर्थ माना था, आज उनका फल भी आपको मिलेगा। ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है।
**कन्या :** आज प्रभावशाली लोगों का सहयोग उत्साह को दोगुना कर देगा। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने का दिन है। धन लाभ होगा।
**तुला :** नए काम के साथ ढेर सारी जिम्मेदारियां भी सामने आएंगी। संस्थान के किसी भी तकनीकी कार्य में प्रतिभा उजागर होगी।
**वृश्चिक :** ज्यादातर काम पूरे होंगे। परिवार के सभी सदस्यों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। छात्र व्यावसायिक शिक्षा के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में शामिल हो सकते हैं।
**धनु :** आज क्रोध और वाणी पर संयम रखना होगा। विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और आपके प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं।
**मकर :** दिन कार्यक्षेत्र और आर्थिक क्षेत्र में फलदायी रहेगा। अपने समर्पण और दृढ़ता का प्रतिफल प्राप्त कर रहे हैं। आर्थिक दबाव को काफी हद तक कम कर सकता है।
**कुंभ :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपके सभी कार्यों में आत्मविश्वास की झलक मिलेगी, कई दिनों से चली आ रही रुकावटें आज दूर होंगी।
**मीन :** छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। व्यापार से संबंधित समस्या का समाधान होगा।

## चुटकुले

एक बार एक दादा-दादी ने जवानी के दिनों को याद करने का फैसला किया।
अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे जहां वो जवानी में मिला करते थे,
वहां खड़े- खड़े दादा के पैरों में दर्द हो गया
लेकिन दादी नहीं आई,
घर जाकर दादा गुस्से से, आई क्यों नहीं?
दादी शर्माते हुए,' मम्मी ने आने नहीं दिया'।

सुरेश- तेरे घर से हमेशा हंसने की आवाज आती है,
इतनी खुशी का राज क्या है?
रमेश- मेरी बीवी मुझे जूते मारती है,
लग जाये तो वो हंसती है,
नहीं लगे तो मैं हंसता हूं।

पिताजी- बेटा, मेरे लिए 1 गिलास पानी लाना,
पहला लड़का- नहीं लाऊंगा,
दूसरा लड़का- रहने दो पापा, ये तो है ही बदतमीज
आप खुद ले लीजिए और मेरे लिए भी
1 गिलास ले आना।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र त्यागी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, अध्यक्ष-वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन
ऑफ यू.पी. उपाध्यक्ष बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया (BVCI)
सी.एम.डी. कृष्णा ग्रुप ऑफ कम्पनी


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
वीरेन्द्र सारस्वत
महानगर संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, गाजियाबाद


सुनील शर्मा (केबिनेट मंत्री)
पवन मावी
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
भूपेन्द्र उपाध्याय
पार्षद वार्ड 41, झण्डापुर, महाराजपुर


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पवन सहलोत
जिला पंचायत सदस्य भाजपा




## कार्यालय नगर पालिका परिषद पिलखुवा, जनपद हापुड़

पत्रांक- मीमो/2024-2025

दिनांक 25/01/2025

### -: सार्वजनिक सूचना :-

नगर पालिका परिषद पिलखुवा हापुड़ सम्मानित नागरिकों को 26 जनवरी 2025 (76वां गणतन्त्र दिवस) की शुभकामना देते हुए अपील करती है - नगर पालिका के सभी प्रकार के बकाया देयों की समय से अदायगी करें, कर से छूटे भवन स्वामी एक माह में करांकन के फार्म भरकर जमा कर दें। प्रिय सम्मानित करदाता करो के बिल का भुगतान निकाय की अधिकारिक वेबसाइट www.pppilkhuwa.com पर विजिट कर अथवा प्रेषित बिलों पर दिये गये क्यूआरकोड के माध्यम से सीधे भुगतान कर सकते हैं।




सभी क्षेत्रवासियों को गणतन्त्र दिवस 26TH JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त सम्मानित सभासदगण नगर पालिका परिषद पिलखुवा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पिलखुवा




**विभु बंसल (अध्यक्ष)**
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

**इन्द्रपाल सिंह**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिलखुवा


35 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
IMS GHAZIABAD
Estd. 1990
A NAAC
IMS GHAZIABAD
(University Courses Campus)
extends warm wishes
on
Bharat's
Happy
Republic Day
26th January, 2025
Management | Engineering | I.T | Bio-Science
Journalism | International Business
www.imsgroup.ac.in


DR. K.N. MODI FOUNDATION
MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.).
82 Years of Excellence in Education
26 JANUARY Happy Republic Day
76वें गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं!
जय हिन्द! जय भारत!
67 Courses
10,000+ Placements
26 Campuses
1,000+ Girls in Hostel
250 Acres Land
38,500+ Students
800+ Faculty
11,000+ Girl Students
Available Streams
Courses Offered
B.TECH., MBA,
BBA, BCA,
D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm,
B.Sc. (BIO-TECH),
B.Ed./M.Ed. (Only for Girls)
Contact : +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
इन्द्रजीत सिंह (टीटू)
राष्ट्रीय महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, रालोद


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जगदीश साधना
वरिष्ठ भाजपा नेता, गाजियाबाद एवं सदस्य पंजाबी अकादमी, उत्तर प्रदेश सरकार

# सीलिंग की कार्रवाई से करदाताओं ने जमा किया बकाया हाउस टैक्स

## राज नगर एक्सटेंशन जीएनबी मॉल में चला निगम का अभियान



### 31 मार्च से पहले बकाया हाउस टैक्स जमा करते हुए 12% ब्याज से बचें, नगर आयुक्त ने करदाताओं से की अपील बकाया हाउस टैक्स जमा कर शहर के विकास में सम्मानित करदाता दें अपना अमूल्य योगदानः नगर आयुक्त





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार कर वसूली को रफ्तार दे रहा है। सिटी जोन ने राजनगर एक्सटेंशन जीएनबी मॉल में बड़ी कार्यवाही की है। इस मॉल में 48 दुकान पर हाउस टैक्स बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया गया। जोनल प्रभारी महेंद्र द्वारा बकाया जमा न करने पर सीलिंग की कार्यवाही की। इसके उपरांत 30 लाख में से मौके पर 17 लाख की वसूली की गई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव द्वारा बताया गया जीएनबी मॉल के अंदर पीएनबी बैंक का ऑफिस, टाटा क्रोमा का शोरूम, केएफसी रेस्टोरेंट, सैमसंग इलेक्ट्रिकल शोरूम का भी बकाया था। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अभियान चलाने और नोटिस दिए जाने तथा सीलिंग करने के बाद दुकानों का बकाया हाउस टैक्स जमा किया गया। इसी क्रम में अन्य जोन भी लगातार बड़े बकायादारों पर कार्यवाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार अनाउंसमेंट भी किया जा रहे हैं नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। इसी के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर सील की कार्यवाही भी नगर निगम कर रहा है। इस मौके पर जोनल प्रभारी महेंद्र कुमार अहिरवार, कर अधीक्षक रामबली पाल व क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने शहर वासियों से अपना बकाया हाउस टैक्स 31 मार्च से पूर्व जमा करते हुए 12% लगने वाले ब्याज से बचने के लिए अपील की गई है।

# राज्य पुरस्कार से सम्मानित समरकूल ग्रुप के सीएमडी संजीव गुप्ता का परमार्थ सेवा ट्रस्ट ने किया अभिनंदन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के एम एस एम ई विभाग के द्वारा आयोजित वृहद प्रदेश स्तरीय एक समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को राज्य पुरस्कार देकर सम्मानित किए जाने पर शनिवार को परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा उनके प्रतिष्ठान पर अभिनंदन किया गया। परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वीके अग्रवाल के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने उन्हें बुके देकर, मोतियों की माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। ट्रस्ट के चेयरमैन वीके अग्रवाल ने कहा कि यह गाजियाबाद के लिए गौरव की बात है कि समरकूल ने अपने उच्च गुणवत्ता के उत्पाद से गाजियाबाद का नाम देश दुनिया में रोशन किया है। इस अवसर पर श्याम सुंदर अग्रवाल, संदीप सिंघल, लोकेश सिंघल, डीके मित्तल, यूस गर्ग, डीडी गर्ग, अरविंद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सुनील सिसोदिया, चंदन सिधवानी, संजय अग्रवाल, हेमंत कंसल, स्नेह लता सिंघल, सीके सिंघल, श्याम सुंदर गुप्ता, सुनील शर्मा, प्रदीप सिंघल आदि मौजूद रहे।



# इंदिरापुरम में निगम ने 20 लाख से अधिक बकाया हाउस टैक्स वसूला





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बकाया हाउस टैक्स वसूली के लिए नगर निगम की ओर से शनिवार को वसुंधरा जोन के इंदिरापुरम में लगाए गए कैम्प में 20 लाख रुपये टैक्स लोगों ने जमा किया। जोनल प्रभारी सुनील राय ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में उन लोगों को पार्ट पेमेंट की सुविधा भी दी गई, जिनका टैक्स अधिक था। लोगों ने कैश, ऑनलाइन और चेक के माध्यम से टैक्स जमा किया। इंदिरापुरम में चार कैम्पों जिसमें श्रीबालाजी रेजी अहिंसाखण्ड, चार्मस सोलिटेयर अपार्ट, अहिंसाखण्ड, शक्तिखण्ड-2 लेन नं0-8, अभयखण्ड-3 नीयर मदरडेयरी का इन्दिरापुरम क्षेत्र में आयोजन किया गया। इन्दिरापुरम क्षेत्र गाजियाबाद नगर निगम को हस्तांतरित हो गया है, इसलिए वसुन्धरा जोन द्वारा इन्दिरापुरम स्थित समस्त भवन स्वामियों को सम्पत्ति कर भवन कर, जलकर व सीवर ड्रेनेज कर के मांग बिल प्राप्त कराये जा रहे है। काफी संख्या में सम्पत्ति कर दाताओं द्वारा अपना वर्तमान / बकाया सम्पत्ति कर (भवन कर, जलकर व सीवर / ड्रेनेज कर) लगभग 20 लाख कैश ऑनलाईन के माध्यम से जमा कराया गया। साथ ही जोनल कार्यालय में भी काफी संख्या में भवन स्वामियों द्वारा अपने सम्पत्तिकर (भवन कर, जलकर व सीवर / ड्रेनेज कर) लगभग 07 लाख कैश/ऑनलाईन के साथ-साथ अपने भवनों का बकाया अनुरक्षण शुल्क लगभग 2 लाख रुपए भी जमा कराया गया।

# पार्षद शिल्पा चौधरी के कार्यालय पर हुआ संविधान गौरव अभियान विचार गोष्टी का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत शनिवार की वार्ड 61 पार्षद शिल्पा चौधरी के कार्यालय पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर भारत के संविधान की उद्देशिका का वर्णन किया गया। पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी ने बताया कि इस विचार का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व को बताना और समाज में संविधान की मूल भावना को स्थापित करना है। यह अभियान भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। जो भी हमारे अधिकार है, सब बाबा साहब द्वारा बनाये गए। संविधान के वजह से है, बाबा साहब द्वारा दिखाए मार्ग पर सबको चलना चाइए । इस अवसर पर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी , एस पी सिंह वार्ड अध्यक्ष, आशीष चौधरी महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, बिक्रम बंसल , प्रदीप मिश्रा बूथ अध्यक्ष , पुनीश त्यागी बूथ अध्यक्ष ,बृजपाल सिंह, तारा चंद उनियाल ,निखिल जैन ,भारत जोशी , गौरन त्यागी, विवेक शर्मा, मनोज सिंह,डॉ प्रवीण सिंह, सुमित सिंह, नंदन सिंह बिष्ट आदि लोग उपस्थित रहे।

# शालीमार गार्डन में भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद ,(करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 2 वार्ड 73 प्रत्येक शनिवार भंडारा होता है। शनिवार को 11 वां भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके ओर सैकड़ों लोगो प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा में सभी के सहयोग से होता है। इस अवसर पर पवन रेड्डी, वीरेंद्र दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, अशोक पटवाल, मनोज अधिकारी, माधव सिंह, गौरव सोनाली सिंह, सुषमा चौधरी, अरविंद, मनीष गोयल आदि लोग मौजूद रहे।




## सिंह इज किंग को मिला बर्थ-डे पर सुपर गिफ्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के नाम इस बार लगभग 21 पदक आए हैं। जिसमें वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक से लेकर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह स्वर्ण पदक तक शामिल हैं। तो वहीं सराहनीय सेवाओं के लिए भी पदक मिले हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में फिर एक एसीपी जो सिंह इज किंग के नाम से जाने जाते हैं। निशानेबाजी से लेकर बदमाशों की गिनती कम करने में वह प्रदेश पुलिस में टीआरपी के मामले में टॉप पर रहते हैं। उनका अचूक निशाना और कंधों पर सजे तीनों पदक बताते हैं कि उनका वर्किंग स्टाइल क्या है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस बार उनके बर्थडे पर उनको सुपर गिफ्ट मिला है। गणतंत्र दिवस उनका जन्मदिन है और जन्मदिन से एक दिन पहले उन्हें वीरता के लिए राष्ट्रपति का पदक मिला है। इसके साथ ही अपने सर्किल से लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वह कई सनसनीखेज खुलासों के लिए भी पहचान रखते हैं। साथ ही उनकी वर्किंग का स्टाइल उनकी पहुंच के आगे छोटा नजर आता है। पर उनके व्यवहार और मीडिया से लेकर अधिकारियों और अपने



स्टाफ से लेकर स्टाफ वालों के बीच भी बेहतर और माधुर बताया जाता है। बॉर्डर पर बड़े-बड़े आंदोलन में उनकी मजबूत का मामला हो या देश के बड़े नामचीन कवि द्वारा उनके नाम पर लाइनें सुनाए जाने का मामला हो या छात्रा को आत्महत्या करने से रोकने का लाइव डेमो, उनकी टीआरपी हर मामले में हाई रही है। वह सिटी से लेकर नदिया पार तक पारी खेल चुके हैं। तो खास सर्किल में उनके नाम की गूंज और चर्चा आज भी होती है। वह कमिश्नरेट सिस्टम में भी अपनी पहचान और पकड़ बनाए हुए हैं। उनको वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक मिलने के पीछे उनका अचूक निशाना बदमाशों को सीधी चुनौती देना और अपराध करने वालों के खात्मे के लिए सदैव तैयार रहने का जज्बा भी उनको पदक का हकदार बनाता है। कुल मिलाकर भले वह पुलिस कमिश्नरेट का हिस्सा हो लेकिन प्रदेश के सभी कमिश्नरेट में तैनात शीर्ष अधिकारियों से लेकर लखनऊ वाले मुख्यालय तक उनके साथ काम कर चुके पुलिसकर्मी उनकी प्रशंसा क्यों करते हैं ,यह किसी से छुपा नहीं है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्राइम कंट्रोल वाले थ्री-स्टार और आग बुझाने वाले मुख्य अधिकारी भी राष्ट्रपति पदक पाने वाली लिस्ट में हैं। तो वहीं सिटी के केवल एक कोतवाल ने ही इस राष्ट्रपति पदक वाली लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है। कुल मिलाकर पदक पाने के मामले में जहां एसीपी स्तर पर नदिया पार वालों का डंका बजा है। तो सिटी के दो थ्री-स्टार भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

# लाजपत नगर मंडल में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम आयोजित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर मंडल में शनिवार को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा के नेतृत्व में बूथों पर कार्यक्रम गए जिसमें मुख्य वक्ता पार्षद वीरेन्द्र त्यागी ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर माधव सूद, भगवंत सिंह, रामनिवास बंसल, आशु शर्मा, उमाशंकर शर्मा, सत्य वीर सिंह, कल्लू पहलवान, महावीर कुमार, विनोद मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## गो-संरक्षण के लिए जागरूकता के लिए चलाये जायें अभियान

# गोहत्या करने वालो का किया जाये एनकाउंटर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर व भोजपुर क्षेत्र में हाल के दिनों में गौहत्या की बढ़ती घटनाओं को लेकर हिंदू समाज में गहरी नाराजगी है। हिंदू युवा वाहिनी ने इसे एक गंभीर समस्या मानते हुए स्थानीय प्रशासन से तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की है। हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने बताया की गौकशी की बढ़ती घटनाओं हिंदू समाज में रोष व्याप्त हो रहा है। गौहत्या जैसे संवेदनशील मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि दोषियों को सही तरीके से चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए जा सकें। हिन्दू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली ऐसी घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करती हैं।

उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि गौहत्या की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएं और इस दिशा में सख्त कानून लागू किए जाएं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष निशांत त्यागी, शिवा शर्मा,अनुभव शर्मा, यश, हरित खटीक,अंकित, जितेंद्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन 21जनवरी मंगलवार को किया गया ' शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय चीफ प्रॉक्टर डॉ अनिल कुमार ने सरस्वती मां की समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात शिविर के प्रथम सत्र में सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को विभिन्न ग्रुपों में विभाजित किया गया और श्रमदान के रूप में महाविद्यालय के सौंदर्यकरण के लिए क्यारियों की साफ सफाई की गई तथा गमलों का रंग रोगन किया गया ' इसके बाद विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई ' शिविर के द्वितीय सत्र में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने श्रमदान के महत्व को लेकर अपने विचार रखें और श्रमदान के दौरान किए गए अनुभव को साझा किया। अंत में प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रीना शर्मा और प्रोग्राम ऑफिसर प्रियंका गंगवार के नेतृत्व में लक्ष्य गान और जन गण मन गन मंगल के साथ शिविर का समापन किया गया।

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने किया पार्क के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड नंबर-54 के पार्षद सतेंदर चौधरी ने शनिवार को सेक्टर 11 के 700 एवं 800 नंबर वाले लाइन के अलग-अलग दो पार्कों के सौंदर्याकरण का काम शुरू करवाया है। इस पार्क के रेनोवेशन और सौंदर्याकरण पर नगर निगम की ओर पार्क के विकसित का कार्य ट्रैक बनाया जाएगा और नए गेट लगेंगे। दीवारों पर पलस्तर और पुट्टी का काम होगा, केनोपी पेंट की जाएगी। उन्होंने कहा वार्ड के सभी पार्कों का विकास होगा। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद का माला बनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुनीता शर्मा, विनोद शर्मा, तिलक राज दुआ, प्रेम जोशी, विजय शर्मा, मिथलेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर की अवैध चांदमारी झुग्गी बस्ती को हटाए जाने से व्यापारी खुश हैं। वो शहर विधायक संजीव शर्मा को इसके लिए बधाई भी दे रहे हैं। व्यापारियों ने इसके लिए शहर विधायक संजीव शर्मा का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। राजू छाबड़ा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा, आईएएस के आदेशानुसार हिन्दी भवन, गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' की थीम पर भव्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गणमान्यों की उपस्थिति में द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## वोट की महत्ता को समझना आवश्यक, मतदान जरूर करें: अभिनव गोपाल








### हमें स्वयं से पूछना चाहिए कि हम वोट डालने क्यों नहीं जाते: अभिनव गोपाल

**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने उपस्थित गणमान्यों को सम्बोधित करते हुए बताया कि जनपद गाजियाबाद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची में जेन्डर और ईपी रेशियों में सुधार हेतु पूर्व जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में किये गये सुधार के कार्यों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला है। उन्होने कहा कि हमारा जनपद विकास के हर क्षेत्र में अग्रणीय है, साथ ही नागरिक जागरूक व शिक्षित है। उन्होने कहा कि ऐसे में हमें अपने मतदाता पहचान पत्र में किसी भी कार्य नाम हटाने, नाम जोड़ने व उसमें शुद्धि के लिए सिर्फ बीएलओ पर निर्भर रहना उचित नहीं है। हम स्वंय मतदाता हेल्प लाईन एप्प के माध्यम से ऑनलाईन यह कार्य स्वयं अपने फोन से कर सकते हैं। पिछले लोक सभा चुनावों में जनपद में 49.80 प्रतिशत मतदान हुआ है। हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि हम वोट करने क्यों नहीं जाते? जब हम यह सवाल स्वंय से करेंगे तो हम वोट की महत्ता को समझेंगे।

### शपथ लें कि हम मतदान अवश्य करेंगें: रणविजय सिंह

**करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह ने कहा कि 25 जनवरी 2011 से पूरे भारत देश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। जनपद में लगभग 16 लाख पुरूष मतदाता व 13 लाख महिला मतदाता हैं। हमारे द्वारा जेन्डर रेशियों और ईपी रेशियों में सुधार कार्य प्रगति पर है। इसमें और अधिक सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के अवसर पर गणमान्य अतिथियों को पौधा व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, शास्त्रीय नृत्य, मतदाता जागरूकता थीम आधारित प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक, कथक, गायन आदि प्रस्तुतियां दी गयी। इसके साथ ही वृद्ध मतदाताओं, ट्रांसजेन्डर मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम अरूण दीक्षित, एसडीएम चन्द्रेश, बीएसए ओपी यादव, डीआईओएस, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।




















सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
26TH JANUARY
की हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल अग्रवाल
महानगर महामंत्री, भाजपा, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
के.डी. त्यागी
भाजपा नेता


सभी क्षेत्रवासियों को
वंदे मातरम्
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
बॉबी त्यागी
भाजपा महानगर उपाध्यक्ष (गाजियाबाद)


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
26TH JANUARY
की हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव गर्ग
भाजपा नेता, गाजियाबाद

## शहर को मिले हैं कर्मठ विधायक संजीव शर्माः मास्टर जितेंद्र सेन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शिक्षाविद् मास्टर जितेंद्र ने कहा कि गाजियाबाद शहर को एक कर्मठ विधायक मिले हैं जो अपने अच्छे कार्यों से गाजियाबाद शहर में बदलाव कर रहे हैं। जब से गाजियाबाद की जनता ने उनका सहयोग किया है और उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाई है तभी से गाजियाबाद विधायक अपने विकास के कार्यों से गाजियाबाद में परिवर्तन कर रहे हैं।

## स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है गणतंत्र दिवस : अंकित त्यागी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अथर्व ग्रुप के डायरेक्टर अंकित त्यागी ने कहा कि गणतंत्र दिवस स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है। उन्हीं के बलिदान से आज हम भारत में स्वतंत्रता से रह रहे हैं। यह दिन 1950 में उस ऐतिहासिक पल को याद करने के लिए मनाया जाता है, जब भारत का संविधान लागू हुआ। यह दिन खास है क्योंकि इस दिन भारत को एक संपूर्ण स्वतंत्र और लोकतांत्रिक गणराज्य बना दिया, जहां सभी को कानून के तहत सम्मान अधिकार मिले। इस दिन भारत ने ब्रिटिश शासन को पूरी तरह पीछे छोड़कर अपने बनाए हुए नियम और कानून अपनाए। गणतंत्र दिवस पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। दिल्ली के राजपथ पर होने वाली भव्य परेड इस दिन का मुख्य आकर्षण है। यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है और हमें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है।

## आज गवर्नर आवास पर मृणालिनी सिंह करेगी ध्वजारोहण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मिजोरम के गवर्नर जनरल वीके सिंह के गाजियाबाद स्थित आवास पर उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह आज सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी। अजय गुप्ता ने बताया कि जनरल वीके सिंह ओर उनके परिवार का गाजियाबाद से विशेष नाता है। वो 10 साल यहां के लोकसभा सांसद रहे हैं। आज राजनगर स्थित आवास पर मृणालिनी सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर गणतंत्र दिवस मनाएगी।

## अनुज शर्मा ने प्रमुख नेताओं का किया स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अनुज शर्मा, सह संयोजक, लघु एवं मध्यम उद्योग प्रकोष्ठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से आमंत्रित थे। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा सांसद बाँसुरी स्वराज , महिला आयोग की अध्यक्षा एवं राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा, भाजपा सांसद खंडेलवाल और पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत जैसे प्रमुख भाजपा नेताओं का स्वागत और अभिनंदन किया। बैठक के दौरान आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों पर गहन चर्चा हुई। सभी नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सर्वहितैषी और विकासोन्मुखी सरकार ही दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है।इस अवसर पर अनुज शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा, दिल्ली की जनता के विश्वास को पुनः भाजपा की ओर मोड़ने के लिए हमें अपने कार्यकताओं के साथ पूरी निष्ठा से जुटना होगा। यह हमारा संकल्प है कि इस बार दिल्ली में एक पारदर्शी और विकासपरक सरकार बनेगी।बैठक में सभी नेताओं और कार्यकताओं ने भाजपा की नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम श्री कपिल अग्रवाल जी, सदस्य दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी समिति, के मार्गदर्श में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।











सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनजीत सिंह
पूर्व महानगर अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा


वंदे मातरम्
सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
26TH JANUARY
की हार्दिक शुभकामनाएं
आचार्य मनीष पंडित
प्रबंधक हिन्डन मोक्ष धाम एवं
अध्यक्ष श्री धार्मिक राम चन्द्र सीता
देवी हरनन्दी सेवा संस्थान


सभी देशवासियों
को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कुणाल त्यागी
युवा कांग्रेस नेता, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
26TH JANUARY
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजय पाल प्रमुख
पूर्व जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, गा.बाद
प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जाट महासभा भारत


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
सतपाल यादव
पूर्व पार्षद
कश्मीरा यादव
पूर्व पार्षद


जयंत चौधरी
कौशल विकास और उद्यमिता
केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सभी प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
बधाई
एवं
शुभकामनाएं
चौधरी तेजपाल सिंह
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
राष्ट्रीय लोक दल, गाजियाबाद
एवं संरक्षक, अखिल भारतीय औद्योगिक
एवं व्यापार महासभा (पंजी.)


SANSKAR
Educational Group
HAPPY
Republic Day
26 January
Let's honor those who have made us proud
and celebrate the spirit of a free nation.
Happy Republic Day!
Sanskar Educational Group, NH-24,
Ahead Masuri Canal, Opp. Jindal Nagar,
Ghaziabad-201302, Delhi-NCR
7251000120, 7251000121
www.sanskareducationalgroup.ac.in
info@sanskar.org


सभी देशवासियों को
गणतंत्र
दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सत्येन्द्र सिंह (पर्यावरणविद)
सदस्य - गंगा संरक्षण समिति
सोशल ऑडिटर एवं औद्योगिक/श्रम कानून सलाहकार
चेयरमैन - उत्थान समिति
@satendra_singh11
www.satendrasingh.com
@satendrasingh11
@Satendra_Singh0
@SatendraSinghEnvironmentalist


ADMISSIONS OPEN
SRM
INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
DELHI-NCR CAMPUS, GHAZIABAD (U.P.)
SRMJEEE 2025
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY
Republic Day
PROGRAMS OFFERED
UNDERGRADUATE PROGRAMS
B.Tech
BBA
BCA
B.Sc Hospitality and Hotel Administration
B.Sc Computer Science
BCA Data Science
B.Pharm
POSTGRADUATE PROGRAMS
M.Tech
MCA
MBA
M.Sc Chemistry
MCA Generative AI
DOCTORAL PROGRAMS
Ph.D
All Disciplines
PLACEMENT HIGHLIGHTS
958+ COMPANIES
6285+ OFFERS (as on 30.11.2024)
SRM IST, DELHI-NCR CAMPUS, DELHI-MEERUT ROAD, MODINAGAR, GHAZIABAD, UP - 201204
Delhi-NCR CAMPUS GHAZIABAD, U.P.
Follow us
1800 889 3496
www.srmup.in, www.srmist.edu.in


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मास्टर जितेन्द्र सैन
भाजपा नेता गाजियाबाद

# दूधेश्वर नाथ मंदिर से बाबा श्याम की भव्य यात्रा निकाली गई



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को गाजियाबाद दूधेश्वर नाथ मंदिर से खाटू श्याम के लाडले संस्था द्वारा बाबा श्याम की बहुत ही भव्य यात्रा निकल गई। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई दुग्धेश्वर नाथ मंदिर दिल्ली गेट, चौपाल मंदिर डासना गेट, रमते राम रोड गंज टाउन हॉल, अनाज मंडी होते हुए घंटाघर रामलीला मैदान पर यात्रा ने विश्राम लिया। रथ यात्रा में बाबा का सुंदर श्रृंगार करके रथ पर विराजमान किया गया। रथ यात्रा में सर्वप्रथम गणेशजी हनुमानजी राधा-कृष्णजी और बाबा श्याम का विग्रह रथ पर विराजित किया गया।

यात्रा में बैंड बाजा नपीरी और भक्तगण अपना कीर्तन करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से निकले। चारों ओर हरे रामा-हरे कृष्णा का गुंजायमान रहा जिससे सारा वातावरण श्याम मय हो गया। इस अवसर पर राम अवतार जिंदल, राजीव शर्मा, चेतन गर्ग, संजय सिंघल, विपिन सिंगल प्रणव सिंघल, दीपांशु गर्ग, ऋषभ अग्रवाल, नितेश गुप्ता, शुभम बंसल, प्रतीक सिंघल, निशांत अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, हर्ष बंसल, जस मक्कड़, स्पर्श अरोरा, अखिल अग्रवाल, गौरव शर्मा, अंशुमन गुप्ता, अभिषेक गर्ग, ओम गोयल, सक्षम सिंघल, कार्तिक गर्ग, सौरभ जयसवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।















# यीडा इलेवन ने ग्रेटर नोएडा इलेवन को क्रिकेट मैच में 34 रनों से हराया




**नोएडा करंट क्राइम।** शहीद विजय सिंह पथिक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड पर शनिवार को रिपब्लिक डे की पूर्व संध्या पर टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस टी 20 मैच में यमुना प्राधिकरण की टीम इलेवन ने ग्रेटर नॉएडा के टीम इलेवन को 34 रनों से हरा दिया।

शनिवार की सुबह 10.30 बजे यीडा इलेवन के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और ग्रेटर नॉएडा इलेवन के कप्तान अभीषेक पाठक के बीच टॉस का सिक्का एसीईओ प्रेरणा सिंह और श्रीलक्ष्मी वी एस की उपस्तिथि में उछाला गया। अभिषेक पाठक ने टॉस जीत कर फील्ड चुनी और बॉलिंग का फैसला लिया। यीडा इलेवन के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और विनोद ओपनर के रूप में उतरे और पहले विकेट की साझेदारी में ठोस शरुआत करते हुए दोनों बल्लेबाजों ने 77 रन बनाये। 12 वें ओवर में पहले विकेट के रूप में शैलेन्द्र भाटिया आउट हुए और उन्होंने ने दो चौक्को की मदद से 18 रन बनाये। दूसरे विकेट के रूप में विनोद आउट हुए। उन्होंने 05 चौको और 04 छक्कों की मदद से 32 बालों में शानदार 56 रन बनाये। अजय शर्मा ने 10, तनवीर ने 19 रनो का योगदान दिया। सौरभ नागर ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 19 बालों में ताबड़तोड़ 53 रन बनाये और नाबाद रहे। सौरभ सिंह 7 रन पर नाबाद रहे। यीडा इलेवन ने 20 ओवर में 04 विकेट के नुकसान पर 176 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। बुध ने 2 और सुन्दर कसाना तथा कृष्णा ने एक एक विकेट लिए। जबाब में बल्लेबाजी के लिए उतरी ग्रेटर नॉएडा इलेवन की टीम 19-1 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। ग्रेटर नोएडा इलेवन टीम के कप्तान अभिषेक पाठक ने सबसे अधिक 33 रन बनाये।

विवेक ने 23, गौरव बघेल ने 18, सुन्दर कसाना ने 20 और नितीश ने 26 रनो का योगदान दिया। यीडा की तरफ से नसीम खान ने 01, सौरभ नागर ने 02, देवदत्त ने 04, विनोद ने 01, अचल ने 01 और अजय शर्मा ने 01 विकेट लिए। सौरभ नागर के शानदार आल राउंडर परफॉरमेंस पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस क्रिकेट मैच की विजेता टीम के कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और उनकी टीम को ए सी ई ओ ग्रेटर नॉएडा प्रेरणा सिंह , श्रीलक्ष्मी वी एस , जी एम प्रोजेक्ट ए के सिंह और ए सी ई ओ यमुना प्राधिकरण कपिल सिंह ने बधाई दी। दोनों कप्तान शैलेन्द्र भाटिया और अभिषेक पाठक ने सभी का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया ।


THE ITALIAN Walkway
KĀRARA
THE ITALIAN WALKWAY
WALL & FLOOR TILES INSPIRED BY ITALY
Wall & Floor Tiles
Tile Adhesive
Designer Vanities
Modular Kitchen
& Wardrobe
KARARA CERAMICS PVT. LTD.
B-148, Sector-63, Noida-201301 | Email: info@kararaceramics.in
Customer Care No. +91- 9899400570
www.kararaceramics.in


INDIAN RED CROSS SOCIETY DELHI BRANCH
सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सुभाष गुप्ता
सभापति भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद
सदस्य जिला श्रम सतर्कता समिति उ.प्र. सरकार, गाजियाबाद


SDGI GLOBAL UNIVERSITY (SGU)
Under the Aegis of Sunder Deep Educational Society
"Think Global Choose SGU"
18+ Years of Higher Education Legacy
NEP-2020 Based Program
Hostel Facility Available
ADMISSION OPEN 2025-26
Happy REPUBLIC DAY
Free Transport Facility
100% Placement Assistance
Engineering
Pharmacy
Architecture
Hotel Management
Computer Applications
Management
Law
Commerce
Sciences
Education
Arts & Humanities
Nursing*
Allied Health Science*
Agriculture*
www.sgu.edu.in
7840090830 | 1800 890 3280
NH-09, Delhi-Hapur Road, Near Dasna, Ghaziabad (Delhi-NCR)


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
26TH JANUARY
की हार्दिक शुभकामनाएं
लोमेश कुमार भाटी एडवोकेट
अध्यक्ष तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद
मो. 9811334995



GANGA VALLEY FARMS
Live with Nature

# GANGA VALLEY
## Farms & Cottages

**Live in Harmony with luxury Farmhouse**

The venture is of 18 acres in area and contains the farmhouse & luxury cottage concept which includes various amenities like

- WORLD CLASS AMENITIES
- LAYOUT SPECIALTIES
- NEIGHBORHOOD HIGHLIGHTS
- YOGA MODERN CENTER
- SPA
- MODERN STYLE RESTAURANT
- SWIMMING POOL
- JOGGING TRACK & PLAY AREA

AQI Under 40
Water Level 30 ft
Adjoining Reserve Forest
Concept of European Pattern
40% Mango Garden
Club House with Modern Amenities
Country Side Fencing
Natural Landscape
100% Vastu
Weekend Home Concept

Village Kullpur near Jhadina gaon, mawana canal road, Garh Mukhteshwar, Uttar Pradesh.

+91-8851071199 / 9654554680/ 8810620822

Scan for location
Ganga Valley Farms
Design consultant by :



# संतोष हॉस्पिटल्स

Celebrating 30 Impactful years Since 1990

गणतंत्र दिवस 26 January की हार्दिक शुभकामनाएं

## सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर

- कार्डियोलॉजी
- न्यूरोसर्जरी
- TKR, THR (ज्वाइंट रिप्लेसमेंट)
- छाती एवं श्वास रोग
- न्यूरोलॉजी
- जनरल सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- गेस्ट्रोनटोलॉजी
- यूरोलॉजी
- जनरल मेडिसिन
- नेफ्रोलॉजी

दिल्ली NCR में सबसे कम दरों पर अत्याधुनिक

**ICU सुविधा ₹17,999*/-**
(वेंटिलेटर, दवाईयां एवं जांचों सहित)

**NICU** ₹5,000*/- से शुरू (दवाईयां एवं जांचों सहित)

**PICU** ₹7,000*/- से शुरू (दवाईयां एवं जांचों सहित)

*शर्तें लागू

24x7 सुविधाएं
MRI, CT-SCAN, डिजिटल X-Ray, ब्लड बैंक, डायलिसिस, पैथ लैब, फार्मेसी

आयुष्मान लाभार्थी को 5 लाख तक का इलाज नि:शुल्क

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
+91 78279 81588, +91 72900 02083
संतोष हॉस्पिटल, नं. 1, अम्बेडकर रोड, पुराने बस स्टैण्ड के सामने, गाज़ियाबाद

24x7 Emergency 0120-4666666 | +91 120 4666650 / 51 / 52 / 53 | www.santoshhospitals.com



26 January Republic Day

## Facilities


- EAR, NOSE, THROAT
- DAY CARE SURGERIES
- DEAFREM TREATMENT WITH PRP
- ENDOSCOPIC SEARLESS EAR SURGERIES
- LASER COSMETIC SURGERIES
- ALL PROCEDURE OF LASER WITH HIGH AND MACHINES (STELLAR M-22, LIGHT SHEER DESIRE RESURFX)
- FIRST CENTRE IN DELHI NCR

#WeTurn25
25 YEARS
It's a silver jubilee of hard work, passion and determination...






## 1st Center in Delhi NCR
Best Laser Devices for
Hair Reduction, Scars & Photo Facial





**Harsh ENT Hospital**
(A UNIT OF ABR HEALTHCARE SOLUTIONS PVT. LTD.)
PH: 0120-4552014, 9810287957 | C-43, RDC RAJNAGAR, GHAZIABAD | www.harshpolyclinics.com

**ADVANCED WELLNESS**
SKIN • LASER • PRP
Mob. : +91 7417676761, +91 7429767676 www.advancedwellness.in

# गिल के जुझारू शतक के बावजूद पंजाब पारी और 207 रनों से हारा




**गलुरु ।** शुभमन गिल ने बेहतरीन शतक लगाकर अपनी क्लास और लचीलेपन का परिचय दिया, लेकिन उनके प्रयास पंजाब को शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मुकाबले में कर्नाटक के खिलाफ पारी और 207 रनों से हार से बचाने के लिए काफी नहीं थे।

कप्तान की वीरता के बावजूद, पंजाब की कमजोर बल्लेबाजी लाइनअप कर्नाटक की प्रभावशाली गेंदबाजी और बल्लेबाजी का सामना नहीं कर सकी।

शनिवार को तीसरे दिन 7 के स्कोर पर खेल शुरू करते हुए, गिल ने पंजाब की दूसरी पारी की कमान संभाली और 171 गेंदों पर 102 रनों की शानदार पारी खेली। 25 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अपनी ट्रेडमार्क शान और आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए 14 चौके और तीन छक्के लगाए।

गिल ने धैर्य और संयम का परिचय देते हुए 119 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, उन्होंने अपनी पारी के उत्तरार्ध में तेजी दिखाई और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों पर बनाए। पंजाब की खराब बल्लेबाजी में उनकी धाराप्रवाह बल्लेबाजी ही मुख्य आकर्षण रही।



गिल कप्तान यशोवर्धन परंतप की गेंद पर आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज थे। गिल का शतक, जो इस रणजी ट्रॉफी सत्र में उनका पहला शतक था, उम्मीद की किरण लेकर आया, लेकिन अंततः पंजाब की पारी को बचा नहीं सका।

पंजाब की मुश्किलें पहली पारी में ही शुरू हो गईं, जहां वे महज 55 रन पर आउट हो गए, जिसमें गिल ने सिर्फ चार रन बनाए। कर्नाटक के पहली पारी के 475 रनों के विशाल स्कोर के बाद 420 रनों के चुनौतीपूर्ण अंतर का सामना करते हुए, पंजाब को एक कठिन संघर्ष का सामना करना पड़ा।

दूसरे दिन के अंत तक, पंजाब अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 24 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। तीसरे दिन गिल के शतक के बावजूद, टीम 63.4 ओवर में 213 रनों पर ढेर हो गई। गिल के अलावा कोई भी बल्लेबाज खास प्रतिरोध नहीं कर सका।

# यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने कुश्ती महासंघ के संचालन में राजनीतिक हस्तक्षेप के खिलाफ भारत को चेतावनी दी

**नई दिल्ली ।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, जिसका भारतीय कुश्ती पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है, खेल की वैश्विक शासी संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में राजनीतिक हस्तक्षेप के बारे में भारत को कड़ी चेतावनी जारी की है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविक ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह को लिखे अपने पत्र में महासंघ की स्वायत्तता के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि इसके आंतरिक मामलों में कोई भी राजनीतिक या सार्वजनिक हस्तक्षेप यूडब्ल्यूडब्ल्यू संविधान और ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन है।

लालोविक ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय महासंघों की स्वतंत्रता उनके सुचारू संचालन और अंतरराष्ट्रीय कुश्ती आयोजनों में प्रतिनिधित्व के लिए महत्वपूर्ण है जबकि सार्वजनिक अनुदानों की निगरानी स्वीकार्य है, इस दायरे से परे कोई भी हस्तक्षेप महासंघ की स्थिति को खतरे में डाल सकता है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू के संचार में चेतावनी दी गई है कि यदि बाहरी हस्तक्षेप जारी रहा तो डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया जा सकता है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष सिंह ने 'आईएएनएस' से इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा, ₹हां, विश्व कुश्ती संस्था (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित करने की धमकी दी है, यदि डब्ल्यूएफआई के आंतरिक मामलों में सार्वजनिक और राजनीतिक अधिकारियों द्वारा कोई हस्तक्षेप किया जाता है। पत्र आईओए के साथ संलग्न है, वे इसे अदालत में पेश करेंगे।"

यह चेतावनी डब्ल्यूएफआई के भीतर महत्वपूर्ण उथल-पुथल के मद्देनजर आई है। दिसंबर 2023 में इसके चुनावों के तुरंत बाद भारत के युवा मामले और खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया।

# महिला एचआईएल: सूरमा क्लब और ओडिशा वारियर्स पहले फाइनल के लिए तैयार



**रांची ।** दो सप्ताह के रोमांचक हॉकी एक्शन के बाद, ओडिशा वारियर्स और सूरमा हॉकी क्लब रविवार को यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025 के पहले फाइनल में ऐतिहासिक भिड़ंत के लिए तैयार हैं।

लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रही सूरमा ने छह मैचों में 13 अंक जीते, जबकि वारियर्स केवल दो अंक पीछे रही। 15 गोल के साथ, सूरमा स्कोरिंग चार्ट में सबसे आगे है, हालांकि, वारियर्स की मजबूत रक्षा को तोड़ना मुश्किल होगा क्योंकि उन्होंने इस सीजन में केवल पांच बार गोल खाए हैं।

पहली बार जब दोनों टीमें आमने-सामने हुई थीं, तो सूरमा ने हिना बानो और सोनम के गोल की बदौलत 2-1 से जीत हासिल की थी। दूसरे मुकाबले में वॉरियर्स ने शानदार वापसी की और एक करीबी मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ के बाद शूटआउट में 2-0 की जीत हासिल की।

ओडिशा वॉरियर्स लगातार चार गेम जीत रहे हैं और मैच से पहले आत्मविश्वास से भरे होंगे। इस सीजन में अपने तीनों पेनल्टी शूटआउट जीतने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर जोसलिन बार्ट्राम बेहतरीन फॉर्म में हैं और अगर फाइनल शूटआउट में जाता है तो वे निर्णायक भूमिका निभाएंगी। स्टार ड्रैग-फ्लिकर यिब्बी जेनसन पर भी नजर रहेगी, जिन्होंने पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला है और वे लीग की संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। रविवार के फाइनल में उनकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर, जेनसन ने कहा, ₹पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं, इसलिए अगर मुझे कल मौका मिला तो मैं गोल करने की पूरी कोशिश करूंगी।

# एसए20 : सनराइजर्स लगातार चौथी जीत हासिल कर दूसरे स्थान पर पहुंचे



**गकेबरहा।** सेंट जॉर्ज पार्क में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन को एसए20 टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। सनराइजर्स के अब 19 अंक हो गए हैं, जो टॉप पर मौजूद पार्ल रॉयल्स से केवल 1 अंक पीछे हैं, हालांकि रॉयल्स ने एक मैच कम खेला है। सनराइजर्स ने जॉबर्ग सुपर किंग्स को 14 रनों से हराने के लिए कड़ी मेहनत की। कप्तान एडेन मार्करम और अनुभवी गेंदबाज मार्को जानसेन ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई। मार्करम ने 29 गेंदों में शानदार 43 रन बनाए और टीम की पारी को संभाला। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स ने 22 गेंदों में नाबाद 35 रन बनाकर फार्म में वापसी की। ओपनर डेविड बेडिंगम ने भी 37 रन की मजबूत पारी खेली, जिससे टीम ने 165/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जॉबर्ग सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा, ह्उनकी (सनराइजर्स) बल्लेबाजी बहुत मजबूत है। 160 का स्कोर हमें सही लगा, लेकिन उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने कसे हुए ओवर डाले और हम पर दबाव बनाया। वे घर में बहुत सफल रहते हैं। पिछले चार मैचों में सनराइजर्स की गेंदबाजी ने ही जीत का अंतर पैदा किया है, और इस मैच में भी ऐसा ही हुआ। पावरप्ले में मार्को जानसेन ने नई गेंद से कमाल किया। हालांकि, डु प्लेसिस (18 गेंदों में 27 रन) का कैच साइमन हार्मर से छूट गया।

# रोहित आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर के कप्तान चुने गए जबकि पांड्या बुमराह, अर्शदीप टीम में शामिल

**दुबई ।** रोहित शर्मा को आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना गया है, जबकि हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह भी अपने कप्तान के साथ स्टार खिलाड़ियों से सजी इस टीम में शामिल हैं।

रोहित के नेतृत्व में, भारत ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था, जिसके बाद उन्होंने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। भारतीय पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर आ गए।

17 मैचों में 352 रन बनाने और 16 विकेट लेने वाले पांड्या का योगदान भारत के लिए एक सफल वर्ष में महत्वपूर्ण था, जिसने उन्हें 20 ओवर के प्रारूप में विश्व चैंपियन का ताज पहनाया।

31 वर्षीय खिलाड़ी ने यूएसए और वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बल्ले से 144 रन बनाए, इसके अलावा 11 विकेट भी



लिए, जिसमें फाइनल में प्रोटियाज के खिलाफ अंतिम ओवर में 16 रन बचाकर भारत को जीत दिलाना भी शामिल है। इस खेल में उन्होंने 2024 में 3/20 के अपने सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ चमक बिखेरी। ऑलराउंडर ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-स्टेज में किया, जिसके खिलाफ उन्होंने नाबाद 50 रन बनाए।

भारत के तेज गेंदबाज बुमराह की 2024 में टी20 क्रिकेट में वापसी शानदार रही, क्योंकि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज की सटीक यॉर्कर और डैथ ओवरों में महारत भारत के खिताब जीतने के अभियान में अहम रही। उन्होंने आठ मैचों में 8.26 की जबरदस्त औसत से 15 विकेट लिए, जिससे उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया। विश्व कप से परे, बुमराह की सभी प्रारूपों में निरंतरता ने विश्व क्रिकेट में प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि की।

तेज गेंदबाजों की तिकड़ी भी विजेता टीम का हिस्सा थी।

अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी की महारत का प्रदर्शन करते हुए 11 मैचों में 42.00 की शानदार औसत और 160 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं, जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की विस्फोटक पारी भी शामिल है। अपनी बल्लेबाजी के अलावा, रोहित के चतुर नेतृत्व ने दबाव भरे क्षणों में एक युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके नेतृत्व ने सुनिश्चित किया कि वह वर्ष उनके देश के लिए यादगार रहेगा। पांड्या ने 2024 में शानदार प्रदर्शन के साथ सबसे छोटे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की, जिससे वह आईसीसी

# दूसरा टी20 : अर्शदीप बना सकते हैं शानदार रिकॉर्ड, चेपॉक में दिलचस्प रहा है टी20 अंतर्राष्ट्रीय का इतिहास



**चेन्नई ।** भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीम शनिवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच खेलने जा रही है। यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज का पहला मैच भारतीय टीम ने कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में 7 विकेट से जीता था।

चेन्नई के इस मैदान को चेपॉक के नाम से जाना जाता है और यहां पर अब तक केवल दो ही टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले हुए हैं। दोनों ही बार रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली है जहां अंतिम गेंद पर मैच का समापन हुआ। पहला मैच साल 2012 में खेला गया था जब न्यूजीलैंड ने भारत को केवल एक रन से हराया था। दूसरा मैच साल 2018 में हुआ था जब भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया था।

हालांकि चेपॉक में अब तक कई आईपीएल मैच हो चुके हैं। 9 में से 6 आईपीएल मैच यहां पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने जीते हैं। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 170 रहा है। मैच के दूसरे हाफ में ओस अपना प्रभाव छोड़ सकती है, टॉस जीतकर कप्तान का फैसला अहम रोल अदा करेगा। हालांकि पिछले आईपीएल में तेज गेंदबाजों को स्पिनरों की तुलना में अधिक सफलता मिली थी।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए खिलाड़ियों का पहुंचना शुरू, गर्मजोशी से स्वागत




**हल्द्वानी ।** बहुप्रतीक्षित 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से शुरू होने वाले हैं और खिलाड़ियों का आगमन आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। देश भर से 10,000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने के अनुमान के साथ, उत्तराखंड में तैयारियों के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही उत्साह का माहौल है।

ट्रायथलॉन प्रतियोगिता 26 जनवरी को हल्द्वानी में खेलों की शुरूआत करेगी, जिसमें भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी आएंगे। खिलाड़ियों का पहला जत्था शनिवार को हल्द्वानी पहुंचा।

खेल मंत्री रेखा आर्य ने खिलाड़ियों का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया और अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ₹मैं 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए उत्तराखंड की धरती पर आए विभिन्न राज्यों की टीमों को हार्दिक बधाई देती हूं। देवभूमि के लोगों की ओर से मैं सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मैंने स्थानीय अधिकारियों को अन्य राज्यों से हल्द्वानी पहुंचने वाली टीमों के स्वागत, परिवहन, आवास और भोजन की आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश पहले ही दे दिए हैं। आने वाले दिनों में शेष प्रतियोगिताओं के लिए हजारों और खिलाड़ी उत्तराखंड पहुंचेंगे।

राज्य सरकार और स्थानीय लोगों में राष्ट्रीय खेलों को लेकर उत्साह साफ तौर पर देखा जा सकता है। प्रतियोगिताएं हल्द्वानी, देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार और रुद्रपुर समेत कई शहरों में आयोजित की जाएंगी।

38वें राष्ट्रीय खेलों का भव्य उद्घाटन समारोह 28 जनवरी को देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आयोजन का उद्घाटन करेंगे, जिससे खेलों का उत्साह और प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी।

उत्तराखंड के खूबसूरत राज्य में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में न केवल विश्व स्तरीय खेल गतिविधियां देखने को मिलेंगी, बल्कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। इस साल के राष्ट्रीय खेलों का विशेष महत्व है, क्योंकि राज्य अपनी स्थापना का 25वां रजत जयंती वर्ष मना रहा है।

# स्मृति, ऋचा, दीप्ति आईसीसी महिला टी20 टीम ऑफ द ईयर में शामिल





**दुबई ।** भारत की स्मृति मंधाना, ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा को 2024 में उनके शानदार योगदान के बाद आईसीसी महिला टी20 टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया है।

लॉरा वोल्वार्ट की अगुआई वाली टीम में तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं, इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से दो और श्रीलंका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और पाकिस्तान से एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं।

स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में 54 रनों की शानदार पारी खेलकर साल की शुरूआत की, इस प्रदर्शन ने बाएं हाथ की बल्लेबाज को शानदार टी20 प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

अपनी निरंतरता के प्रमाण के तौर पर, मंधाना ने साल का समापन भी इसी तरह से किया, घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीन अर्धशतक बनाए, जिससे इस प्रारूप में उनकी विश्वसनीयता और भी बढ़ गई।



उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया।

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष बेहद आक्रामक तरीके से रन बनाने की अपनी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, जो लगातार अपनी आक्रामक खेल शैली के साथ नेतृत्व करती हैं।

घोष को जब भी बल्लेबाजी का मौका मिला, वह धमाकेदार फॉर्म में रहीं, उन्होंने दांबुला में यूएई के खिलाफ 220.68 की अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट से 29 गेंदों पर 64* रन बनाए।

दाएं हाथ की बल्लेबाज ने 2024 में 156.65 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट बनाए रखी, जिसमें एक और तेज अर्धशतक शामिल था, जिसमें डीवाई पाटिल स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 21 गेंदों पर 54 रन बनाए।

दीप्ति शर्मा ने अपनी विश्वसनीय बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी के साथ भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।

उनके विकेटों की संख्या में 2024 में टी20 मैचों में 17.80 की औसत और 6.01 की इकॉनमी रेट से 30 विकेट शामिल हैं। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने लगभग हर मैच में विकेट हासिल किए, जिसमें नेपाल के खिलाफ दांबुला में 4 ओवर में 3/13 और महिला एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 3/20 जैसे शानदार प्रदर्शन शामिल हैं, जिससे टीम में उनकी जगह पक्की हो गई। स्मृति और दीप्ति को आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में भी नामित किया गया, जिसका नेतृत्व भी दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट ने किया।

# जम्मू-कश्मीर ने एक दशक बाद मुंबई को पांच विकेट से हराया



**मुंबई ।** जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) ने बीकेसी स्थित शरद पवार क्रिकेट अकादमी में 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई को शनिवार को पांच विकेट से हरा दिया। यह रणजी ट्रॉफी में मुंबई में जेएंडके की दूसरी जीत थी, जिसने 2014-15 की अपनी उपलब्धि को दोहराया, जब उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में 237 रनों का पीछा करते हुए चार विकेट से जीत के साथ घरेलू दिग्गजों को हराया था।

मुंबई की दूसरी पारी में शार्दुल ठाकुर के शानदार शतक के बावजूद, जेएंडके ने तीसरे दिन 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया, जिससे एलीट ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया।

पहली पारी में जेएंडके को 86 रनों की बढ़त देने के बाद मुंबई की दूसरी पारी दबाव में शुरू हुई। नौ साल से ज्यादा समय के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे कप्तान रोहित शर्मा आक्रामक दिखे और उन्होंने 35 गेंदों पर 28 रन की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगाए। हालांकि, युद्धवीर सिंह ने उन्हें आउट कर दिया और मुंबई की बल्लेबाजी फिर से लड़खड़ा गई।



यशस्वी जायसवाल ने लगातार 26 रन बनाए, लेकिन अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे सहित मध्य क्रम प्रभाव छोड़ने में विफल रहा। मुंबई ने खुद को 7 विकेट पर 101 रन पर पाया, जिसमें तेज गेंदबाज उमर नजीर और युद्धवीर सिंह कहर बरपा रहे थे। इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने कदम बढ़ाया।

अपनी जुझारू भावना के लिए माने जाने वाले ठाकुर ने जवाबी हमला करते हुए 135 गेंदों पर 18 चौकों की मदद से 119 रन बनाए। तनुश कोटियन ने उनका अच्छा साथ दिया, जिन्होंने 136 गेंदों पर 62 रनों की पारी खेली। दोनों ने मिलकर महत्वपूर्ण रन जोड़े और मुंबई का स्कोर 290 तक पहुंचाया, जिससे जम्मू-कश्मीर को 205 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला।

# हमास ने इस्राइल की चार महिला सैनिकों को रिहा किया, इस्राइल छोड़ेगा 200 फलस्तीनी कैदी

**नई दिल्ली ।** पिछले सप्ताह गाजा पट्टी में संघर्ष विराम शुरू होने के बाद से यह दूसरा ऐसा आदान-प्रदान है, जिसमें हमास द्वारा बंधकों को छोड़ा जाएगा और इनके बदले में इस्राइल द्वारा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। पहले चरण में तीन इस्राइली बंधकों को छोड़ा गया था, जिनके बदले में 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया था। अब चार बंधकों के बदले में इस्राइल 200 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनमें से 120 कैदी ऐसे हैं, जो इस्राइली नागरिकों पर घातक हमले के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

7 अक्तूबर 2023 को नाहल ओज बेस से हमास ने इन महिला सैनिकों का किया था अपहरण

रिहा की गईं चारों इस्राइली महिला सैनिकों का हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के दौरान अपहरण कर लिया गया था। इन चारों को गाजा की सीमा के पास नाहल ओज बेस से पकड़ा गया था। अपहरण की गई सभी महिला सैनिक सीमा पर खतरों की निगरानी करने वाली लुकआउट इकाई में काम करती थीं। इस इकाई की पांचवीं महिला सैनिक, अगम बर्जर (20 वर्षीय) का भी अपहरण किया गया था, लेकिन अभी रिहा किए गए लोगों में उसका नाम शामिल नहीं है। समझौते के तहत इस अदला-बदली के बाद इस्राइल नेत्जारिम गलियारे से पीछे हटना शुरू कर देगा। 19 जनवरी को संघर्ष विराम; 471 दिनों के बाद मिली रिहाई इससे पहले इस्राइल के साथ युद्धविराम समझौता बीते 19 जनवरी को तीन घंटे की देरी से लागू हुआ था। हमास ने 471 दिनों के बाद अपने कब्जे से कई बंधकों को रिहा किया था।



**हमास ने चार महिला इस्राइली सैनिकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया है। इससे पहले हमास के आतंकवादियों ने गाजा शहर में भीड़ के सामने परेड की। जिन सैनिकों को रिहा किया गया है उनके नाम करीना एरीव (20), डेनिएला गिल्बोआ (20), नामा लेवी (20) और लिरी अलबाग (19) हैं**

# आज चीन जाएंगे विदेश सचिव, कैलाश मानसरोवर समेत द्विपक्षीय हित के मुद्दों पर होगी बात

**नई दिल्ली ।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी दो दिन की यात्रा पर शनिवार को चीन जा रहे हैं। वहां वह कैलाश मानसरोवर समेत दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच पारस्परिक संबंधों के अगले कदमों पर चर्चा करेंगे।

शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश सचिव की आगामी 26-27 जनवरी को चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। वहां वह अपने समकक्ष उप मंत्री से मुलाकात करेंगे, जहां द्विपक्षीय हित के सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। एक बार जब चर्चा और बातचीत हो जाएगी तो आपको पता चल जाएगा कि क्या चर्चा हुई और कौन से मुद्दे उठाए गए। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या यात्रा के दौरान वीजा और दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवा जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।



कैलाश मानसरोवर यात्रा के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि द्विपक्षीय हित के सभी मुद्दों पर यह भी शामिल है। भारत और चीन के बीच विदेश सचिव-उपमंत्री तंत्र की बैठक के लिए मिसरी चीन जा रहे हैं। यह बैठक बीजिंग में 26 और 27 जनवरी को होने वाली है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते से उत्पन्न हुई है। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच संबंध शामिल हैं।

### पिछले महीने डोभाल गए थे चीन

पूर्वी लद्दाख में टकराव के बिंदुओं पर तनाव कम करने के लिए अक्तूबर में बनी सहमति के बाद दोनों देशों के संबंधों में सुधार हो रहा है। पिछले महीने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी बीजिंग गए थे। वहां उनकी चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

# डेनमार्क में चीन की दमनकारी नीतियों का विरोध

## मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दोहराई गई प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली ।** निर्वासित तिब्बती संसद के एक प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क में अपनी यात्रा की शुरूआत डेनिश संसद में एक बैठक के साथ की। बैठक में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने चीन की दमनकारी नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया। प्रतिनिधिमंडल का अटलांटिक के विदेश मामलों के प्रवक्ता और विदेश मामलों की समिति के सदस्य साशा फैक्से ने गर्मजोशी से स्वागत किया। साशा फैक्से ने मानवाधिकारों की रक्षा व चीन के बढ़ते प्रभाव का विरोध करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

फैक्से द्वारा डेनमार्क की लोकतांत्रिक परंपराओं पर प्रकाश डालने के जवाब में, नामग्याल डोलकर लहाग्यारी ने तिब्बत में चीन की नीतियों के गंभीर प्रभाव पर एक गहन प्रस्तुति दी। उन्होंने तिब्बती बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में जबरन भेजकर स्थानीय भाषा, संस्कृति व पहचान मिटाने के व्यवस्थित चीनी प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने चीन द्वारा बड़े बांधों के निर्माण और तिब्बत के प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण होने वाले पर्यावरणीय विनाश के बारे में भी चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने डेनिश संसद से तिब्बत के लिए अपने नैतिक समर्थन को ठोस कार्यों में बदलने का आह्वान किया व तिब्बत के लिए मजबूत वैश्विक समर्थन का आग्रह किया।



### अंतरराष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाने का मकसद

डेनमार्क में विदेश मामलों की समिति के सदस्य साशा फैक्से ने कहा, तिब्बती निर्वासित समुदाय का लोकतंत्र को बढ़ावा देना दुनिया के लिए एक शक्तिशाली उदाहरण है। तिब्बती प्रतिनिधिमंडल ने डेनिश इंस्टीट्यूट ऑफ पार्टीज एंड डेमोक्रेसी के निदेशक मैथियास पार्सबेक और वरिष्ठ सलाहकार मार्लीन क्रॉयडन हरित्सो के साथ भी चर्चा की। इस दौरान वैश्विक मंच पर तिब्बत के लोकतांत्रिक मॉडल उजागर करने के अवसरों पर चर्चा की गई।

# कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था ने दी भारत को निलंबन की धमकी, कहा- स्वायत्तता में हस्तक्षेप नामंजूर

**नई दिल्ली ।** कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसिलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत को निलंबित करने की धमकी दी है। संस्था के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने लिखा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के आंतरिक मामलों में राजनीतिक हस्तक्षेप बंद नहीं हुआ और उसकी स्वायत्तता बरकरार नहीं रही तो उस पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। खेल मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ को दिसंबर, 2023 से निलंबित कर रखा है। विश्व चैंपियनशिप में टीम तो भेज दी गई, लेकिन अन्य टूनामेंटों में टीमें नहीं जा पा रही हैं। क्रोएशिया आमंत्रण टूनामेंट के लिए अब तक मंत्रालय की ओर से हरी झंडी नहीं मिली है।



**देश में कुश्ती की गतिविधियां बंद :** यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने कुश्ती महासंघ के वर्तमान पदाधिकारियों को मान्यता देते हुए अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों और अन्य गतिविधियों के लिए उन्हीं से संपर्क रखने की भी बात कही है। निलंबित होने की स्थिति में भारतीय पहलवान देश के झंडे तले किसी भी कुश्ती टूनामेंट में नहीं खेल पाएंगे। निलंबन की स्थिति में भारतीय पहलवानों को यूडब्ल्यूडब्ल्यू के झंडे तले खेलना होगा। देश में कुश्ती की गतिविधियां बंद पड़ी हैं। निलंबन के चलते पहलवानों का कोई भी राष्ट्रीय शिविर भी नहीं लग रहा है।

# दिल्ली घोषणापत्र प्रतिबद्धताओं को लेकर सुरक्षा परिषद समिति सहमत, वित्तीय प्रौद्योगिकियों पर कसेगी नकेल

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) की एक समिति ने दिल्ली घोषणापत्र से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को लेकर सहमति जताई है। आतंकी गतिविधियों के लिए नई-उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकने पर भी सहमति बनी है। सूत्रों के मुताबिक, समिति अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेगी। समिति आने वाले दिनों में परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भारत के कार्यकाल में तय की गई प्रतिबद्धताओं पर काम करेगी।



दिल्ली घोषणापत्र प्रतिबद्धताओं को लेकर सुरक्षा परिषद समिति सहमत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) ने आतंकी गतिविधियों के लिए नई व उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इसका मकसद परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भारत के कार्यकाल के दौरान आतंकवाद से लड़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र निकाय द्वारा की गईं प्रतिबद्धताओं पर आगे बढ़ना है। इस माह की शुरूआत में अल्जीरिया की अध्यक्षता में आतंकवाद-रोधी समिति (सीटीसी) ने ह्यअल्जीरिया मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति व्यक्त की थी।

**आतंकी गतिविधियों के लिए नई-उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकेंगे :** सूत्रों के मुताबिक, समिति ने अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांतों के आधार पर यह सहमति व्यक्त की है। अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांत यूएनएससी सीटीसी द्वारा अपनाए गए दिशा-निर्देश हैं। इन सिद्धांतों में आतंकी गतिविधियों के लिए मानव रहित विमान प्रणालियों (यूएएस) के उपयोग से निपटने की जानकारी दी गई है, जिन पर दिसंबर 2023 में सहमति बनी थी। ये आतंकी मकसद के लिए नई-उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकने के लिए सदस्य देशों के लिए गैर-बाध्यकारी मार्गदर्शक सिद्धांत हैं।

### महासभा के पुनरुद्धार प्रयासों पर भारत प्रतिबद्ध

भारत ने संयुक्त राज्य महासभा (यूएनजीए) के ह्यपुनरुद्धारह्ल की जरूरत पर जोर देते हुए सभी सदस्य देशों के साथ रचनात्मक और दूरदर्शी ढंग से काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पुनरुद्धार पर एड-हॉक वर्किंग ग्रुप की एक बहस में बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, पी. हरीश ने इसके पुनरोद्धार के लिए महत्वपूर्ण कदमों की रूपरेखा तैयार की और महासभा की सार्वभौमिक और अंतर-सरकारी प्रकृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत ने लगातार माना है कि यूएनजीए की स्थिति अद्वितीय है।

# नाइजीरियाई सैनिकों ने 79 आतंकवादियों-अपहरणकताओं को मार गिराया, 252 लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** नाइजीरियाई सैनिकों पूर्वोत्तर में इस्लामी आतंकवादियों के दशकों पुराने विद्रोह और उत्तर-पश्चिम में विभिन्न सशस्त्र समूहों के हमलों को लक्ष्य करते हुए पिछले सप्ताह में 79 आतंकवादियों और संदिग्ध अपहरणकताओं को मार गिराया। सेना ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि पश्चिमी अफ्रीकी देश को सुरक्षित करने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है, क्योंकि पूर्वोत्तर क्षेत्र में अबतक 35,000 नागरिक मारे जा चुके हैं और 20 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं।

### सेना के प्रवक्ता ने जारी किया बयान

नाइजीरियाई सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बूबा ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, नाइजीरिया की सेना की तरफ से चलाए गए अभियान में 252 लोगों को गिरफ्तार किया गया और आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए 67 बंधकों को मुक्त कराया गया। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में अपहरण आम घटना बन गई है। यहां सशस्त्र समूह गांवों और सड़कों पर हमला करने के लिए क्षेत्र की सीमित सुरक्षा उपस्थिति का फायदा उठाते हैं।कई पीड़ितों को फिरौती के भुगतान के बाद ही रिहा किया जाता है।



2014 में पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो के चिबोक गांव में बोको हराम चरमपंथियों द्वारा 276 स्कूली छात्राओं का अपहरण और फिर सेना और सशस्त्र समूहों के बीच संघर्ष के साथ नाइजीरिया ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में कच्चे तेल की चोरी से जुड़े 28 संदिग्ध भी शामिल है। पिछले साल नाइजीरिया एक्सट्रैक्टिव इंडस्ट्रीज ट्रांसपेरेंसी इनिशिएटिव ने बताया था कि 2009 और 2020 के बीच कच्चे तेल की चोरी के कारण नाइजीरिया को 46 बिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ था।

# ट्रंप ने अरब देशों से फिर की तेल की कीमतें कम करने की अपील, कहा-इससे रूस-यूक्रेन युद्ध रुक जाएगा

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक से तेल की कीमतों में कटौती करने को कहा है। इसके पीछे उनका तर्क है कि इससे रूस-यूक्रेन युद्ध रुक जाएगा। इससे पहले स्विट्जरलैंड के दावोस में वार्षिक विश्व आर्थिक मंच को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए ट्रंप ने तेल निर्यातक देशों के ओपेक पर यूक्रेन में लगभग तीन साल से चल रहे संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को उत्तरी कैरोलिना में संवाददाताओं से कहा कि, हम चाहते हैं कि ओपेक तेल की कीमत में कटौती करे। इससे यूक्रेन में हो रही त्रासदी अपने आप रुक जाएगी। यह दोनों पक्षों के लिए एक विनाशकारी त्रासदी है। अभी तो बस गोलियां चल रही हैं और लोग घायल हो रहे हैं। दस लाख से अधिक लोग मारे गए हैं और वे हर हफ्ते हजारों लोगों को खो रहे हैं। 'यह एक पागलपन भरा युद्ध है' इस बात का उल्लेख करते हुए कि अब तक इस युद्ध में बड़ी संख्या में रूसी और यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं, ट्रंप ने कहा, अभी तो केवल गोलियां चल रही हैं और लोग घायल हो रहे हैं। दस लाख से अधिक लोग मारे गए हैं और वे हर सप्ताह हजारों लोगों को खो रहे हैं।



यह पागलपन है। यह एक पागलपन भरा युद्ध है और अगर मैं राष्ट्रपति होता (तब) तो यह कभी नहीं होता। यह पागलपन है कि ऐसा हुआ, लेकिन हम इसे रोकना चाहते हैं।

ट्रंप ने कहा कि, इसे जल्दी से रोकने का एक तरीका यह है कि ओपेक तेल की कीमत कम कर दे। अगर आप कीमतें उंची रखते हैं, तो यह युद्ध इतनी आसानी से खत्म नहीं होने वाला है। इसलिए ओपेक को आगे आना चाहिए और उन्हें तेल की कीमत कम करनी चाहिए और युद्ध तुरंत बंद हो जाएगा।

# अमेरिका के रक्षा मंत्री पद पर हेगसेथ का नाम तय

## वेंस के टाइब्रेकर वोट के बाद सीनेट से मिली मंजूरी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नए रक्षा मंत्री के पद पर पीट हेगसेथ का नाम तय हो गया है। अमेरिकी सीनेट ने हेगसेथ के नाम को मंजूरी दे दी है। हालांकि हेगसेथ को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उन पर बहुत ज्यादा शराब पीने, महिलाओं के प्रति आक्रामक व्यवहार और साल 2017 में एक महिला से दुष्कर्म करने के आरोप लगे। यही वजह है कि पीट हेगसेथ के नाम पर सीनेट से मंजूरी को लेकर संशय के बादल थे। हालांकि बीती रात हुए मतदान में नाटकीय अंदाज में सीनेट ने हेगसेथ के नाम को मंजूरी दे दी। मतदान के दौरान टाइब्रेक की स्थिति बन गई थी और आखिरकार उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के वोट से हेगसेथ की रक्षा मंत्री पद पर ताजपोशी हो गई।

### मुश्किल से हेगसेथ के नाम को सीनेट से मिली मंजूरी

आमतौर पर राष्ट्रपति द्वारा नामित लोग सीनेट में बड़े अंतर से समर्थन हासिल करते हैं, लेकिन हेगसेथ के नाम पर काफी विवाद था। यहां तक कि सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों ने भी हेगसेथ के नाम का विरोध किया। हेगसेथ के नाम को लेकर सत्ताधारी रिपबल्किन पार्टी में भी दरार दिखी।



रिपब्लिकन पार्टी की अलास्का से सीनेटर लीसा मुरकाव्सकी और मेन की सीनेटर सुसन कोलिन्स ने भी हेगसेथ का विरोध किया है। दोनों सांसदों ने हेगसेथ के खिलाफ वोट किया। 47 डेमोक्रेटिक सीनेटर्स और एक निर्दलीय सीनेटर ने भी हेगसेथ के खिलाफ वोट किया। रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ सीनेटर मिच मैक्कोनेल ने भी हेगसेथ के खिलाफ वोट किया। जिससे मामला 50-50 वोटों की बराबरी पर आ गया। इसके बाद जेडी वेंस ने हेगसेथ के पक्ष में वोट देकर उनके नया रक्षा मंत्री बनने पर मुहर लगा दी।

**हेगसेथ ने स्वीकारी थी दुष्कर्म पीड़िता को 50 हजार डॉलर देने की बात :** पीट हेगसेथ ने मैसाच्युसेट्स से डेमोक्रेटिक सीनेटर एलिजाबेथ वारेन से बताया था ।

# उषा चिलुकुरी वेंस: महज 39 साल की आयु में बदली कामयाबी की परिभाषा, उपराष्ट्रपति बने पति से पहली बार मिलीं

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के नए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारतवंशी पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस कानून की दुनिया में मशहूर वकील की पहचान भी रखती हैं। उषा कुशल वक्ता हैं और स्कूल में बांसुरी भी बजाती थीं। हिंदू रीति-रिवाज और शाकाहार की इतनी बड़ी प्रशंसक हैं कि अपने पति को भी शाकाहारी बना दिया। खुद ट्रंप ने जिन्हें जेडी वेंस से भी ज्यादा काबिल बताया, वह वही उषा चिलुकुरी वेंस हैं।

जेडी वेंस को जुलाई 2024 में डोनाल्ड ट्रंप ने अपना उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी घोषित किया, तो सबकी निगाहें उनकी पत्नी भारतीय मूल की उषा चिलुकुरी वेंस पर थीं, जिनके बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ने खुद कहा कि वह जेडी वेंस से भी ज्यादा होशियार हैं। उषा अमेरिका की द्वितीय महिला बनने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी, पहली हिंदू और पहली एशियाई अमेरिकी शख्सियत बन गई हैं। ये उपलब्धियां तो उन्हें जेडी वेंस की पत्नी होने पर स्वतः ही हासिल हो गई हैं, लेकिन उषा की खुद की भी पहचान और व्यक्तित्व है। वह हिंदू परिवार में पैदा हुईं, लेकिन एक ईसाई धर्म में शादी करने के बावजूद उन्होंने अपनी संस्कृति और धर्म को नहीं छोड़ा। मीडिया में और सार्वजनिक मंचों पर भी वह कहती आई हैं, ह्यमुझे हिंदू होने पर गर्व है। मेरे माता-पिता के दिए संस्कार ही मेरी प्रेरणा हैं।



बीती छह जनवरी को अपना 39वां जन्मदिन मनाने वाली उषा का जन्म 1986 में कैलिफोर्निया के सैन डिएगो काउंटी में हुआ था। उनके बचपन का नाम उषा बाला चिलुकुरी था। उनके पिता राधाकृष्णन और मां लक्ष्मी सत्तर के दशक में आंध्र प्रदेश से अमेरिका जाकर बस गए और वहां की नागरिकता हासिल कर ली। उषा ने माउंट कार्मल हाईस्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने येल यूनिवर्सिटी से इतिहास में बीए व कानून में डॉक्टरेट, तो कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से आधुनिक इतिहास में एमफिल किया है।



### वकील और संपादक

उषा ने कानून की डिग्री हासिल करने के बाद 2013 से 2018 के बीच कई जजों के लिए बतौर क्लर्क काम किया और बाद में यूएस लॉ फर्म मुंगेर, टोल्स एंड ओल्सन एलएलपी में नामी वकील बन गईं। उन्होंने अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट के साथ भी काम किया है। जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने सक्रिय वकालत छोड़ने का निर्णय लिया। उषा ह्यये‍ल जर्नल ऑफ लॉ एंड टेक्नोलॉजीह्ल की प्रबंध संपादक, ह्यद येल लॉ जर्नलह्ल की कार्यकारी विकास संपादक रह चुकी हैं। उषा ने वर्ष 2014 में डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्यता भी ली थी।